### सुंदरदीप वर्ल्ड स्कूल में भविष्य की तकनीक से रूबरू

# एआई और रोबोटिक्स वर्कशॉप का आयोजन

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**गाजियाबाद।** सुंदरदीप वर्ल्ड स्कूल में कक्षा 10वीं से 12वीं के चयनित 60 छात्रों के लिए एक इंटरैक्टिव एवं हैंड्स-ऑन वर्कशॉप का सफल आयोजन किया गया।

इस कार्यक्रम का संचालन एसडीजीआई ग्लोबल यूनिवर्सिटी के स्कूल ऑफ इंजी. नियरिंग एंड टेक्नोलॉजी द्वारा, टेक वेव क्लब के सहयोग से किया गया।




कार्यक्रम की शुरुआत निद. ेशक प्रो. डॉ. जयदीप कुमार के प्रेरणादायक संबोधन से हुई, जिसमें उन्होंने छात्रों को नवाचार को अपनाने और उभरती तकनीकों की दिशा में आगे बढ़ने के लिए प्रोत्साहित किया।

स्कूल ऑफ इंजीनियरिंग एंड टेक्नोलॉजी के सहायक प्राध्यापक सुवयन चटर्जी एवं केशव कुमार ने एआई, रोबोटिक्स और इंजीनियरिंग की मूलभूत अवधारणाओं पर अत्यंत रोचक एवं ज्ञानवर्धक सत्र प्रस्तुत किए। साथ ही, टेक वेव क्लब के अध्यक्ष एवं उनकी टीम ने छात्रों को एआई और इंटेलिजेंट एजेंट्स का व्यावहारिक अनुभव भी प्रदान किया।

इस इंटरैक्टिव लर्निंग अनुभव के माध्यम से छात्रों ने न केवल एआई और रोबोटिक्स की बुनियादी समझ विकसित की, बल्कि भविष्य के टेक्नोलॉजी-आधारित करियर के प्रति भी जागरूकता प्राप्त की।

डायरेक्टर एडमिशन अखिलेश वर्मा ने जानकारी दी कि सुंदरदीप वर्ल्ड स्कूल जल्द ही एक मेंटोर-मेंटी प्रोग्राम शुरू करने जा रहा है, जिसका उद्देश्य प्रत्येक छात्र को अपने भविष्य के करियर विकल्पों को समझने और कक्षा 12वीं के बाद सही दिशा में आगे बढ़ने का आत्मविश्वास प्रदान करना है।

# करंट लगने से गई युवक की जान दो साल पहले हुई थी की शादी

**गाजियाबाद।** कोतवाली सिहानी गेट के दौलतपुरा में एक में रहने वाले एक युवक की मौत हो गई। मृतक का नाम चंदन कुमार हो जो कि गली नंबर 3 में किराए पर रहता था। मृतक के चाचा रामहित ने बताया कि चंदन सुबह मुंह धोने रहा था, तभी उसका हाथ वहां पास में लगी ग्रिल पर हाथ लग गया।



इस ग्रिल में बिजली का करंट आने से चंदन तो जोर का झटका लगा और वह ग्रिल से लटक गया। ग्रिल से लटकता देख परिजनों ने चंदन को स्थानीय निवासियों की मदद् से उतारा। आनन-फानन में उसे अस्पताल ले जाया गया जहां उसे मृत घोषित कर दिया गया। निकट के अस्पताल ले जाया गया, जहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया गया। बताया जा रहा है कि चंदन अपनी चार बहनों में इकलौता भाई था और उसकी दो वर्ष पूर्व ही शादी हुई थी।

वह भवनों में टाइल, पत्थर लगाने का कार्य करता था। बताया जा रहा है कि इस मामले में मकान मालिक राकेश मसाले वाले की लापरवाही भी सामने आई है। मकान में रहने वाले किरायदारों कहना है कि ग्रिल में करंट आने की बात कई बार मकान मालिक को बताई गई थी, लेकिन मकान मालिक द्वारा इसे शिकायत को गंभीरता से न लिया।

# अग्निकांड के प्रभावित झुग्गीवासियों को वितरित की खाद्य सामग्री

**गाजियाबाद।** इंदिरापुरम क्षेत्र में कनावनी गांव में भीषण अग्निकांड में प्रभावित परिवारों को रेडक्रॉस गाजियाबाद के निवर्तमान सभापति रो. डॉ. सुभाष गुप्ता के नेतृत्व में भोजन सेवा के चौथे दिन रोटरी क्लब गाजियाबाद हिंडन के सहयोग से भोजन सेवा में जल वितरण भी सप्रेम किया गया। सुप्रीम कोर्ट के अधिवक्ता रोटरी अध्यक्ष एस. वल्ली आज सेवा में अपनी कनिष्ठ के साथ सम्मिलित हुए और कहा कि हम भविष्य में भी रेडक्रॉस के साथ जुड़कर जनपद गाजियाबाद में सेवा कार्यों को आगे बढ़ाने का हर सम्भव प्रयास करेंगे। भयंकर गर्मी का मौसम को



संज्ञान में रखते हुए कार्यक्रम मुलत: बी. डी. चौधरी द्वारा प्रायोजित किया गया था भोजन पैकेट के साथ ही अधिक मात्रा में जल वितरण की अतिरिक्त व्यवस्था की गई थी जिसमें सुभाष गुप्ता,एम. सी. गौड़. विपिन अग्रवाल, संजय वर्मा व योगेश सक्सैना का पूरा-पूरा सहयोग मिला। ऐसी जगह सेवा करके ही साक्षात परमात्मा की सेवा का पुण्य कमाया जा सकता है।

### आईपीए ने डीपीएसजी के अभिभावकों को न्याय के लिए

# केंद्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान से लगाई गुहार

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**गाजियाबाद।** दिल्ली पब्लिक स्कूल द्वारा बिना अभिभावकों और अधिकारियों की सहमति के स्कूल समय में अतिरिक्त समय वृद्धि को वापस कराने के लिए पिछले 18 दिन से अभिभावक संघर्ष कर रहे है इंडियन पेरेंट्स एसोसिएशन के साथ मिलकर अभिभावकों द्वारा स्कूल से लेकर जिलाधिकारी कार्यालय तक प्रदर्शन कर न्याय की गुहार लगाई जा चुकी है इतना ही नहीं जहा अभिभावकों ने देश की महाम. हिम राष्ट्रपति के नाम सैकड़ों पत्र भेजकर न्याय की गुहार लगाई है वहीं प्रधानमंत्री कार्यालय से लेकर राष्ट्रीय बाल अधिकार संरक्षण आयोग, प्रदेश के मुख्यमंत्री, जिलाधिकारी और शिक्षाधिकारियो का भी दरवाजा खटखटाया है इंडियन पेरेंट्स एसोसिएशन और अभिभावक स्कूल द्वारा नियमों का उल्घन कर समय वृद्धि को वापस कराने के लिए कोई कसर नहीं छोड़ रहे इन्हीं प्रयासों को आगे बढ़ाते हुए इंडियन पेरेंट्स एसोसिएशन ने देश के केंद्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान के कार्यालय पहुंचकर डीपीएसजी प्रबंधन पर कार्यवाई और समय वृद्धि को वापस कराने के लिए पत्र दिया और न्याय की गुहार लगाई। अभिभावक अतिरिक्त समय वृद्धि से बच्चों के मानसिक और शारीरिक स्वास्थ्य पर पड़ रहे विपरीत असर को लेकर चिंतित है आईपीए और अभिभावकों का कहना है कि हम सभी हैरान है कि जिले के प्रथम अभिभावक जिलाधिकारी और जिले की शिक्षा की कमान संभालने वाले शिक्षा अधिकारी सब कुछ जानते हुए भी कि स्कूल बच्चो पर समय वृद्धि का अतरिक्त दबाव डालकर उनके स्वास्थ्य के साथ खिलवाड़ कर रहा है, कार्यवाई करने की हिम्मत नहीं जुटा पा रहे है तापमान बढ़ने से गर्मी बढ़ती जा रही है हमारे बच्चे 4 बजे तक घर पहुंच रहे है उनको नकसीर छूटने और थकान होने जैसी अनेकों समस्या हो रही है हम अपने बच्चों के स्वास्थ्य को लेकर गंभीर है अभिभावकों ने सवाल खड़े किए है कि जब हमने जिला मुख्यालय पर न्याय की गुहार लगाते हुए सैंकड़ों अभिभावकों ने प्रदर्शन किया था तो जिला प्रशासन द्वारा सीबीएसई और एनसीआरटी को पत्र भेजने के नाम पर चार दिन का समय मांगा था तो फिर क्यों आज 12 दिन बीत जाने के बाद भी कोई जवाब क्यों नहीं दिया गया ? जब हम जिला प्रशासन से पत्र के बारे में जानने के लिए गए तो पेरेंट्स पर बाल शोषण का केस लगाने की धमकी दी गई और ऐसा व्यवहार किया गया जैसे पेरेंट्स कोई अपराधी हो तो फिर क्यों जिला प्रशासन स्कूल प्रबंधन से ये पहुंचने की हिम्मत नहीं जुटा पा रहा है कि आपने किसके आदेश के तहत समय वृद्धि की और पिछले 18 दिन से जो स्कूल प्रबंधन बाल शोषण कर रहा है उसका दोषी कौन और स्कूल प्रबंधन पर केस क्यों नहीं ? आखिर क्यों शिक्षाधिकारी स्कूल से सवाल जवाब करने की हिम्मत जुटा पा रहे की आखिर किसने तुम्हे अधिकार दिया कि बच्चो के शारीरिक और मानसिक स्वास्थ्य के साथ खिलवाड़ कर सको ? अभिभावकों का ये भी कहना है कि स्कूल प्रबंधन की खनक सत्ता के गलियारों तक है इसलिए अभिभावकों की आवाज दबाई जा रही है और स्कूल के खिलाफ शिक्षाधिकारियो द्वारा कोई कार्यवाई नहीं की जा रही।

# सड़क हादसे में युवक की दर्दनाक मौत

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**शेरकोट।** नूरपुर-धामपुर मार्ग स्थित नींदडू के निकट एक दर्दनाक सड़क हादसे में एक युवक की मौत से परिवार सहित नगर में शोक की लहर दौड़ गई। वहीं मृतक युवक का पोस्टमार्टम के बाद दफिना कर दिया गया। प्राप्त समाचार के अनुसार नगर के मौहल्ला शेखान निवासी 20 वर्षीय मौहम्मद कैफ की सोमवार देर शाम दुर्घटना में मौत हो गई थी। जिसके बाद मंगलवार को उन्हें नम आंखों से सुपुर्द-ए-खाक कर दिया गया। जनाजे में बड़ी संख्या में लोग शामिल हुए और हर आंख नम नजर आई। परिजनों के अनुसार सोमवार देर शाम कैफ अपने पड़ोसी सुफियान के साथ एक पारिवारिक कार्यक्रम से बाइक द्वारा घर लौट रहा था। तभी धामपुर-नूरपुर मार्ग पर ग्राम नींदडू के पास पेट्रोल पंप के सामने उनकी बाइक की सामने से आ रही दूसरी बाइक से जोरदार टक्कर हो गई। टक्कर इतनी भीषण थी कि कैफ ने मौके पर ही दम तोड़ दिया, जबकि सुफियान गंभीर रूप से घायल हो गया। उसे तुरंत इलाज के लिए मुरादाबाद के एक निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया है, जहां उसकी हालत नाजुक बनी हुई है।

# आरआईसीटी इंस्टिट्यूट ने मनाया वार्षिकोत्सव

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**गाजियाबाद।** आर.आई.सी.टी इंस्टिट्यूट ऑफ हायर एजुकेशन के द्वारा अपना 25वां वार्षिकोत्सव मनाया गया। अंबेडकर रोड स्थित RICT कंप्यूटर एजुकेशन ने संस्था के 25 वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में हवन एवं सुंदरकांड पाठ का आयोजन किया गया। इस अवसर पर पूर्व विधायक सुरेंद्र कुमार मुन्नी ,रालोद राष्ट्रीय उपाध्यक्ष अल्पसंख्यक प्रकोष्ठ इंद्रजीत सिंह टीटू, अखिल भारतीय औद्योगिक एवं व्यापार महासभा के राष्ट्रीय अध्यक्ष रालोद प्रदेश महासचिव रविंद्र चौहान राष्ट्रीय अध्यक्ष भारतीय किसान यूनियन सर छोटू राम आनंद चौधरी अखिल भारतीय औद्योगिक एवं व्यापार महासभा



प्रदेश अध्यक्ष शुभम गुप्ता कराटे वेलफेयर सोसाइटी के महासि. चव राजीव मुंडेलवाल, सचिव तुषार ठाकुर, सनी, रालोद खेल प्रकोष्ठ महानगर अध्यक्ष संजीव अरोरा, जिला सचिव दिनेश शर्मा, वरिष्ठ सपा नेता अभिषेक गर्ग, रमते राम रोड व्यापार मंडल के अध्यक्ष राकेश स्वामी, सोनव. ीर चौधरी, रणवीर प्रधान, नामित पार्षद डॉक्टर अजीत कुमार झा, स्थानीय पार्षद नीरज गोयल , एडवोकेट विनीत गॉड,मिराज चिश्ती,दीपक मिश्रा , गोपाल गुप्ता , अरुण ठाकुर, हरीश कुमार, प्रमोद शर्मा, इत्यादि उपस्थित रहे। सुंदरकांड पाठ का आयोजन मनीष गिरी द्वारा विधि विधान से किया गया। संस्था के निदेशक विजय कौशिक ने बताया कि संस्था को सफलतापूर्वक 25 वर्ष पूर्ण हुए इन 25 वर्षों में संस्था द्वारा हजारों बच्चों को कंप्यूटर प्रशिक्षण देकर उनको अच्छी कंपनियों में नौकरियां दिलवाई एवं स्वरोजगार करवाएं संस्था द्वारा समय-समय पर गरीब छात्र-छात्राओं के लिए निशुल्क प्रशिक्षण कार्यक्रम भी चलाए जाते रहते हैं संस्था स्वामी विवे. कानंद सुभारती यूनिवर्सिटी के द्वारा मान्यता प्राप्त है जिसके अंतर्गत दूरस्थ शिक्षा के माध्यम से छात्र-छात्राओं को एमबीए एमसीए बीबीए बीसीए बी ए बीकॉम एमकॉम इत्यादि डिग्री कोर्सेज भी कराए जाते हैं इस अवसर पर संस्था की तरफ से श्री संतोष कौशिक, मूल कौशिक सुनील कौशिक कुशल कौशिक, दीपक शर्मा, योगेंद्र कौशिक, अशोक कौशिक, सौभाग्य कौशिक, विश्वास कौशिक, पार्थ कौशिक, जानवी कौशिक, सेंटर कोऑर्डिनेटर नीलम, कोर्स कोऑर्डिनेटर ज्योति, निरु शर्मा, अंशु जैन, तनु त्यागी इत्यादि उपस्थित रहे निद. ेशक विजय कौशिक ने सभी का आभार व्यक्त किया।

## चार के खिलाफ मारपीट का मुकदमा

**कासमपुर गढ़ी।** ग्राम लालबाग निवासी जिंदल सिंह उर्फ बिंदर पुत्र लक्ष्मण सिंह ने थानाध्यक्ष रेहड़ को दिए प्रार्थना पत्र में बताया कि गांव के ही मोहन सिंह, मंगल सिंह व परमजीत सिंह पुत्रगण मक्खन सिंह व मोहन सिंह की पत्नी सिमरन कौर उससे पुरानी रंजिश रखते हैं। उसके खेत में आए दिन नुकसान पहुंचाते रहते हैं। आरोप है कि 13 अप्रैल को भी इन्होंने गाली-गलौच करते हुए मारपीट की और जान से मारने की धमकी दी। थानाध्यक्ष राजीव कुमार वर्मा ने बताया कि बिंदर सिंह की तहरीर पर चारों आरोपियों के विरुद्ध मुकदमा दर्ज कर मामले की जांच शुरू कर दी है।

# स्मार्ट प्रीपेड बिजली मीटर के खिलाफ बबली गुर्जर के नेतृत्व में हुआ प्रदर्शन

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मोदीनगर।** भारतीय किसान मजदूर मोर्चा के बैनर तले मोर्चा के अध्यक्ष डॉ बबली गुर्जर, युवा अध्यक्ष सतेंद्र शर्मा, महिला अध्यक्ष नीरज प्रजापति व महासचिव राहुल प्रधान के नेतृत्व में स्मार्ट प्रीपेड मीटर की समस्याओं को लेकर

मोर्चा के सैकड़ों लोगों ने पैदल मार्च करके नारेबाजी करते हुए तहसील मोदीनगर पहुंचकर उपजिलाधिकारी कार्यालय के बाहर जमकर हंगामा किया काफी देर बाद नायब तहसीलदार मुकेश शर्मा ने मौके पर पहुंचकर ज्ञापन लिया डॉ बबली गुर्जर, सतेंद्र शर्मा, नीरज प्रजापति व राहुल प्रधान ने संयुक्त रूप से कहा कि सरकार के द्वारा जो



स्मार्ट प्रीपेड मीटर लगाए जा रहे हैं, उनमें रीडिंग ज्यादा आने की शिकायत बैलेंस खत्म होने बिजली कट जाना जैसी समस्याओं से लोगों में त्राहि त्राहि मची हुई है।

किसान, मजदूर, गरीब, कमजोर आदमी एडवांस में बिजली रिचार्ज कराने में सक्षम नहीं है उन्होंने माननीय मुख्यमंत्री के नाम ज्ञापन सौंपकर मांग की है। स्मार्ट प्रीपेड मीटर लगाने तुरंत बंद किए जाएं, जो लग गए हैं उन्हें भी हटाया जाए ताकि लोगों को राहत मिल सकें डॉ बबली गुर्जर ने कहा कि बिजली विभाग के कर्मचारी अगर मीटर लगाने जाएंगे तो उनका विरोध किया जाएगा और मीटर किसी भी कीमत पर नहीं लगने दिए जायेंगे! सैकड़ो पीड़ित मौजूद रहे!

# मॉडिफाइड साइलेंसर के विरूद्ध परिवहन विभाग का विशेष अभियान





**गाजियाबाद।** ध्वनि प्रदूषण पर नियंत्रण एवं यातायात नियमों को सख्ती से लागू कराने के लिए परिवहन विभाग द्वारा विशेष अभियान चलाया जा रहा है। एआरटीओ (प्रवर्तन) अमित राजन राय ने अभियान के तहत विभिन्न प्रमुख मार्गों, चौराहों एवं संवे. दनशील क्षेत्रों में सघन चेकिंग की गई। अभियान के दौरान ऐसे वाहनों को चिन्हित किया गया, जिनमें अवैध रूप से मॉडिफाइड साइलेंसर लगे थे और अत्यधिक ध्वनि उत्पन्न कर रहे थे।

वाहनों को ध्वनि प्रदूषण मापक यंत्र से चेक करते हुए मानक से अधिक ध्वनि करने और मॉडिफाइड साइलेंसर लगाये जाने के अभियोग में बुलेट के खिलाफ कार्रवाई की गई। इसके अलावा एक बुलेट को सीज भी किया गया। साथ ही नन्द ग्राम मोड़ पर स्थित रॉयल एनफील्ड के शोरूम में गैरेज मैकेनिक्स को जागरूक कर सुनिश्चित किया गया कि ऐसा कोई भी अल्टरेशन उनके द्वारा न किया जाए।

एआरटीओ (प्रवर्तन) अमित राजन राय ने बताया कि इस प्रकार का अभियान आगे भी निरंतर जारी रहेगो। उन्होंने आमजन से अपील की है कि अपने वाहनों में किसी भी प्रकार का अवैध संशोधन न कराएं तथा यातायात नियमों का पालन करें।

# टैक्सी ने मारी स्कूटी सवारों को जोरदार टक्कर दस वर्षीय किशोर की मौत

**गाजियाबाद।** कनावनी पुस्ता रोड पर तेज रफ्तार कार (टैक्सी) ने स्कूटी को टक्कर मार दी। हादसे में स्कूटी पर सवार कनावनी गांव निवासी 10 वर्षीय साकिब की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि दिल्ली निवासी13 वर्षीय सत्यम ने दिल्ली के अस्पताल में इलाज के दौरान दम तोड़ दिया।

इतना ही नहीं उनके अन्य साथी वसुंधरा सेक्टर-2 ए के 14 वर्षीय अंश और कनावनी के 11 वर्षीय पीयूष उर्फ गोलू घायल है। इनमें पीयूष की हालत गंभीर है। जानकारी के अनुसार अंश अपने घर आए तीनों दोस्तों को अपनी स्कूटी से छोड़ने जा रहा था। उस समय स्कूटी पर चारों सवार थे और वह एक ही स्कूल में पढ़ते थे। वहीं, पुलिस ने टैक्सी चालक लोनी के इकराम नगर कॉलोनी निवासी साहिल को गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस जांच में सामने आया है कि घटना के दौरान किसी ने भी हेलमेट नहीं पहना था। घायल अंश के पिता रामकृष्ण यादव ने पुलिस को बताया कि चारों बच्चे एक ही स्कूटी पर कनावनी की ओर जा रहे थे। स्कूटी अंश चला रहा था। पुस्ता रोड पर तेज रफ्तार टैक्सी ने सामने से आई स्कूटी को टक्कर मार दी।

पुलिस ने बताया कि हादसे के बाद कार चालक ही उन्हें अस्पताल लेकर गया था। अस्पताल में चिकित्सकों ने शाकिब को मृत घोषित कर दिया। जबकि सत्यम को दिल्ली के अस्पताल के लिए रेफर कर दिया गया लेकिन इलाज के दौरान उसकी जान चली गई। दो छात्रों की मौत के बाद आरोपी चालक अस्पताल से भाग गया। गौरतलब है कि पुलिस सोशल मीडिया पर भी खूब प्रचार-प्रसार करती है। इसके बावजूद इस तरह के हादसे पुलिस की कायशैर्ली पर सवाल खड़े कर रही है। एक ही स्कूटी पर चार नाबालिग जा रहे थे और न तो पुलिस मिली और न ही कोई चेकिंग की जा रही थी।

### भीषण आग के बाद मसीहा बना विजया स्वप्न फाउंडेशन

# हजारों पीड़ितों तक पहुंचाई राहत सामग्रियां

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**गाजियाबाद।** इंदिरापुरम क्षेत्र स्थित कना. वनी गांव में एक भीषण आग से लगभग 750 झुग्गी-झोपड़ियां जलकर पूरी तरह नष्ट हो गईं।

इस दर्दनाक हादसे में करीब 10,000 से अधिक लोगों ने अपना सब कुछ खो दिया और वे बेघर हो गए। आग इतनी भयानक थी कि देखते ही देखते पूरे इलाके को अपनी चपेट में ले लिया। स्थानीय प्रशासन और दमकल विभाग की टीमों ने मौके पर पहुंचकर आग पर काबू पाने का प्रयास किया और राहत एवं बचाव कार्य चलाया।

इस संकट की घड़ी में विजया स्वप्न फाउंडेशन ने आगे बढ़कर मानवीय संवे. दनाओं का परिचय दिया। संस्था की टीम



ने तुरंत मौके पर पहुंचकर प्रभावित परिवारों के लिए राहत एवं बचाव कार्य शुरू किया।

फाउंडेशन द्वारा जरूरतमंदों को खाद्य सामग्री, पानी, कपड़े, दवाइयां और अन्य आवश्यक वस्तुओं का वितरण किया गया। संस्था के सदस्यों ने पीड़ितों को हर संभव सहायता प्रदान करने का संकल्प लिया और प्रशासन के साथ मिलकर राहत कार्यों में सहयोग किया।

विजया स्वप्न फाउंडेशन ने समाज के सभी लोगों और संगठनों से अपील की है कि वे आगे आकर इन पीड़ित परिवारों की मदद करें, ताकि वे इस कठिन समय से उबर सकें और अपने जीवन को फिर से संवार सकें।

# दिल्ली में एफसीआई के जरिए फिर शुरू होगी गेहूं खरीद

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** दिल्ली की मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने किसानों के हित में एक अहम पहल की है। उनके अनुरोध को स्वीकार करते हुए केंद्र सरकार ने दिल्ली में भारतीय खाद्य निगम के जरिए गेहूं की सरकारी खरीद फिर से शुरू करने का फैसला लिया है। इस फैसले से किसानों को उनकी फसल का न्यूनतम समर्थन मूल्य (एमएसपी) मिल सकेगा और स्थानीय कृषि व्यवस्था को भी मजबूती मिलेगी। मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने इस निर्णय के लिए प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और केंद्र सरकार का धन्यवाद किया। उन्होंने कहा कि यह कदम किसानों के कल्याण और उनकी आय को सुरक्षित करने के प्रति केंद्र सरकार की प्रतिबद्धता को दिखाता है। प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में किसानों के हितों को प्राथमिकता दी जा रही है और यह फैसला उसी दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है।

उन्होंने भरोसा जताया कि केंद्र और राज्य सरकार के संयुक्त प्रयासों से दिल्ली के किसानों को उनकी उपज का सही मूल्य मिलेगा और वे अधिक सशक्त बनेंगे। इस विषय पर मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने हाल ही में केंद्रीय उपभोक्ता मामले, खाद्य और सार्वजनिक वितरण मंत्री श्री प्रल्हाद जोशी को पत्र लिखकर रबी विपणन सत्र में दिल्ली में एफसीआई के जरिए गेहूं खरीद तत्काल बहाल करने का अनुरोध किया था। उन्होंने अपने पत्र में स्पष्ट रूप से उल्लेख किया था कि दिल्ली में एफसीआई द्वारा स्थानीय स्तर पर खरीद न होने के कारण किसानों को अपनी उपज एमएसपी से कम कीमत पर बेचने के लिए विवश होना पड़ रहा है, जिससे उनकी आय पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ रहा है। मुख्यमंत्री के इस आग्रह पर सकारात्मक रुख अपनाते हुए केंद्र सरकार ने एफसीआई को निर्देश जारी किए हैं कि रबी विपणन सत्र 2026-27 में दिल्ली में गेहूं खरीद की प्रक्रिया शुरू की जाए।

## मुठभेड़ में इनामी बदमाश गिरफ्तार 28 आपराधिक मामले हैं दर्ज

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** दिल्ली पुलिस की टीम ने एक बड़ी कार्रवाई करते हुए 15 हजार के इनामी अपराधी को गिरफ्तार किया है। यह अपराधी यूपी के बुलंदशहर से वांछित था और दिल्ली के आस्था कुंज पार्क, अमर कॉलोनी क्षेत्र में एक गुप्त सूचना के आधार पर पकड़ा गया। सूत्रों से मिली गुप्त सूचना के आधार पर, एटीएफ/एसईडी की टीम ने 20 अप्रैल को तत्काल कार्रवाई करते हुए इलाके में जाल बिछाया। सूचना थी कि एक शातिर और इनामी अपराधी उस क्षेत्र में आने वाला है। पुलिस टीम ने सुनियोजित तरीके से घेराबंदी की। जैसे ही आरोपी को पकड़ने का प्रयास किया गया, उसने गिरफ्तारी से बचने के लिए भागने की कोशिश की। इस दौरान पुलिस और आरोपी के बीच मुठभेड़ हुई। पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए आरोपी को सफलतापूर्वक काबू कर लिया।

रिजवान दिल्ली के ओल्ड मुस्तफाबाद का निवासी बताया जा रहा है। उस पर बुलंदशहर (उत्तर प्रदेश) से घ15,000 का इनाम घोषित है। उसके खिलाफ कुल 28 आपराधिक मामले दर्ज हैं (24 दिल्ली में एवं 4 उत्तर प्रदेश में)। इसके अधिकांश अपराध झपटमारी, चोरी आदि संपत्ति अपराध से संबंधित हैं, हालांकि गंभीर अपराधों में भी इसकी संलिप्तता पाई गई है। पूछताछ के दौरान आरोपी ने पूर्वी एवं दक्षिण-पूर्वी दिल्ली में चोरी के 10 से अधिक मामलों में अपनी संलिप्तता स्वीकार की है। मामले की आगे की जांच जारी है, ताकि इसके आपराधिक नेटवर्क का पता लगाया जा सके और चोरी का माल बरामद किया जा सके।

# 5.048 किलो गांजे सहित गिरफ्तार

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** उत्तर पूर्वी दिल्ली मे मादक पदार्थों के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान के तहत नंद नगरी थाना पुलिस ने बड़ी सफलता हासिल की है। पुलिस ने एक ड्रग पेडलर को गिरफ्तार कर उसके कब्जे से 5. 048 किलोग्राम गांजा बरामद किया है, जिससे इलाके में चल रही नशे की सप्लाई पर बड़ा झटका लगा है।

डीसीपी आशीष मिश्रा के मुताबिक गत 20 अप्रैल की शाम को पुख्ता सूचना मिली थी कि सी-1 ब्लॉक इलाके में एक युवक अवैध रूप से गांजा बेच रहा है। सूचना मिलते ही थाना प्रभारी इंस्पेक्टर आनंद यादव के नेतृत्व में टीम ने मौके पर दबिश दी और संदिग्ध को घेरकर काबू कर लिया। तलाशी के दौरान उसके पास से गांजे के पांच पैकेट बरामद हुए, जिनका कुल वजन 5.048 किलोग्राम पाया गया।

आरोपी की शिनाख्त गौरव (29) के रूप में हुई है, जो नंद नगरी इलाके का रहने वाला है और लंबे समय से इस धंधे में सक्रिय बताया जा रहा है। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ नारकोटिक्स एक्ट के तहत एफआईआर नंबर 217/26 दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। पूछताछ में आरोपी ने गांजा तस्करी में अपनी संलिप्तता कबूल की है। फिलहाल पुलिस उसकी सप्लाई चेन की शिनाख्त में जुटी है।

## एनडीएमसी स्कूलों ने कक्षा 10 के परिणामों में ऐतिहासिक शैक्षणिक उत्कृष्टता हासिल की

**नई दिल्ली।** नई दिल्ली नगरपालिका परिषद ने अपने स्कूलों में कक्षा 10वीं के उत्कृष्ट शैक्षणिक परिणामों के साथ शिक्षा के क्षेत्र में एक उल्लेखनीय उपलब्धि हासिल की है। विद्यार्थियों और विद्यालयों के असाधारण प्रदर्शन से यह स्पष्ट होता है कि एनडीएमसी प्रत्येक बच्चे को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा और समग्र विकास प्रदान करने के लिए निरंतर प्रयासरत है। एनडीएमसी के लिए यह गर्व का क्षण था जब किदवई नगर स्थित अटल आदर्श विद्यालय की छात्रा सुप्रिया लो. हानी ने बोर्ड परीक्षा में 500 में से 462 अंक (92.4%) प्राप्त कर सभी एनडीएमसी स्कूलों के विद्यार्थियों में शीर्ष स्थान हासिल किया।उनकी यह उपलब्धि अन्य विद्यार्थियों के लिए प्रेरणा है।

# स्कूलों में बजेगी पानी के लिए भी घंटी

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** अब स्कूलों में हर 45 से 60 मिनट के अंतराल पर पानी के लिए एक घंटी बजेगी। यह समय-समय पर बच्चों को पानी पीने की याद दिलाएगी जिससे कि वे पानी की कमी से बच सकें। इसके साथ ही सुबह की प्रार्थना सभाएं खुले में नहीं होंगी या सीमित समय के लिए छायादार स्थानों पर आयोजित की जाएंगी। किसी भी स्थिति में खुले में कक्षाएं नहीं लगेंगी और न ही कोई गतिविधि आयोजित होगी। दिल्ली में बढ़ती गर्मी और हीटवेव को देखते हुए शिक्षा निदेशालय ने सभी सरकारी, सहायता प्राप्त और निजी मान्यता प्राप्त स्कूलों के लिए सख्त दिशा-निर्देश जारी किए हैं। निर्देशों में छात्रों को पर्याप्त पानी साथ लाने और स्कूलों को ठंडे व शुद्ध पेयजल की व्यवस्था सुनिश्चित करने को कहा गया है। निर्देशों में स्पष्ट किया गया है कि प्रत्येक स्कूल एक नोडल शिक्षक नियुक्त करेगा जो वॉटर बेल पहल के कार्यान्वयन, जागरूकता सत्रों का आयोजन, आईईसी(इंर्फोमेशन, एजुकेशन एंड कम्यूनिकेशन) उपायों के कार्यान्वयन और निगरानी के लिए जिम्मेदार होगा।



'प्राइड' कार्यक्रम के तहत 18 देशों के 43 प्रतिनिधियों ने किया विधानसभा दौरा।

# प्राइड कार्यक्रम के तहत 18 देशों के प्रतिनिधियों का विधानसभा दौरा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** "विधायी मसौदा- निर्माण लोकतांत्रिक शासन का मूल है; किसी कानून की सटीकता ही तय करती है कि वह अधिकारों की रक्षा कितनी प्रभावी ढंग से करता है, जवाबदेही सुनिश्चित करता है और आम नागरिकों के जीवन को कैसे प्रभावित करता है," यह बात दिल्ली विधानसभा के अध्यक्ष विजेन्द्र गुप्ता ने आज दिल्ली विधान सभा के दौरे पर आए 18 देशों के 43 प्रतिनिधियों के दल को संबोधित करते हुए कही। ये प्रति. निधि बांग्लादेश, भूटान, ओमान, केन्या, श्रीलंका, फिलीपींस और तंजानिया सहित विभिन्न देशों से आए थे और लोकसभा सचिवालय के संसदीय अनुसंधान एवं प्रशिक्षण संस्थान (प्राइड) द्वारा आयोजित 37वें अंतरराष्ट्रीय प्रशिक्षण कार्यक्रम में भाग ले रहे हैं।

श्री गुप्ता ने बताया कि विधानसभा परिसर को एक विरासत स्थल के रूप में विकसित किया जा रहा है, जहां एक संग्रहालय बनाया जा रहा है जो विधानसभा की यात्रा को दर्शाएगा। इसके अलावा, इसके इतिहास को जनता तक पहुंचाने के लिए लाइट एंड साउंड शो की भी योजना बनाई जा रही है।विधानसभा अध्यक्ष ने अपने संबोधन में विधानसभा के ऐतिहासिक और संस्थागत महत्व का उल्लेख करते हुए बताया कि वर्तमान भवन, जो 1912 में बना, पहले इंपीरियल लेजिस्लेटिव काउंसिल का मुख्यालय था और बाद में 1919 के भारत सरकार अधिनियम के तहत केंद्रीय विधान सभा के रूप में उपयोग हुआ।

## 4 पुलिसकर्मी लाइन हाजिर

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** शाहबाद डेयरी थाने में तैनात चार पुलिसकर्मियों को जांच में लापरवाही बरतने के आरोप में लाइन हाजिर कर विभागीय जांच के आदेश दे दिये हैं।

जानकारी के मुताबिक लाइन हाजिर मामले में एएसआई,दो हेड कांस्टेबल और एक कांस्टेबल शामिल हैं। जिन्होंने पुलिस अधिकारियों को गुमराह करने की कोशिश की थी। जब मामला पुलिस उपायुक्त ऑफिस तक पहुंचा। जिसके बाद चारों को लाइन हाजिर कर दिया गया।

# आजादपुर मंडी के एंट्री गेट पर चलते ट्रक का हो जाएगा वजन

**इस सिस्टम में सिर्फ वजन नहीं, बल्कि निगरानी की भी व्यवस्था होगी।**

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** जाम व लम्बी लाइनों से बचने के लिए आजादपुर मंडी में चलते ट्रकों का वजन हो जाया करेगा। इसके लिए कृषि उपज विपणन समिति ने स्मार्ट वेट इन मोशन सिस्टम लगाने की तैयारी शुरू कर दी है।

इस तकनीक से मंडी में हेराफेरी रोकने, राजस्व बढ़ाने, ट्रकों की लंबी लाइन खत्म करने और ब्लैकलिस्ट वाहनों पर नजर रख सकते हैं। इसे मंडी के सबसे व्यस्त प्रवेश द्वार पर लगाया जाएगा, जहां से फल और सब्जियों से लदे ट्रक मंडी में घुसते हैं। आजादपुर मंडी में इससे वाहनों की एंट्री व्यवस्था बदल जाएगी।

मंडी प्रशासन ने करीब 28. 83 लाख रुपये खर्च कर मुख्य एंट्री गेट पर स्लो स्पीड वेट इन मोशन सिस्टम लगाने की परियोजना पर काम शुरू कर दिया है।

यह ऐसी मशीन होगी, जिसमें ट्रक को पूरी तरह रोकने की जरूरत नहीं पड़ेगी। वाहन धीमी रफ्तार से प्लेटफॉर्म से गुजरेंगे और उनका वजन अपने आप दर्ज हो जाएगा। इस सिस्टम में सिर्फ वजन नहीं, बल्कि निगरानी की भी व्यवस्था होगी। इसमें आरए फआईडी डाटा, कैमरा इंटीग्रेशन, अलर्ट सिस्टम और रिकॉर्ड स्टोरेज जैसी सुविधाएं रहेंगी। ब्लैकलिस्ट या संदिग्ध वाहनों की पहचान होने पर अलर्ट भी दिया जा सकेगा। अभी मंडी में कई जगह वजन पारंपरिक कांटों या मैनुअल व्यवस्था से होता है। इसमें समय ज्यादा लगता है जिससे ट्रकों की कतार लग जाती है।

मंडी से जुड़े लोगों का कहना है कि सुबह और देर रात माल आने के समय कई बार लंबा जाम लग जाता है। मुख्य एंट्री गेट पर रोजाना भारी दबाव रहता है, क्योंकि बड़ी संख्या में फल-सब्जी से लदे ट्रक इसी रास्ते से प्रवेश करते हैं। मंडी प्रशासन के मुताबिक इस परियोजना की कुल अनुमानित लागत 28,83,706 रुपये रखी गई है।

एक निजी एजेंसी को दो महीने के भीतर मशीन लगाने की जिम्मेदारी दी गई है। यह एजेंसी कुल पांच साल तक मशीन की देखरेख भी करेगी। यह सिस्टम वाहनों की आवाजाही और माल के वजन पर लगातार नजर रखेगा, जिससे गलत एंट्री, कम वजन दिखाने या रिकॉर्ड में फेरबदल जैसी शिकायतों पर रोक लग सकेगी।

# बुलिंग के प्रति जागरूकता बढ़ाने की पहल

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** बुलिंग अक्सर रोजमर्रा के पलों में छिपी होती है और कई बार तब तक नजर नहीं आती, जब तक उसका गहरा असर महसूस न होने लगे। इन स्थितियों के प्रति जागरूकता बढ़ाने के लिए ब्रिटानिया टाइगर क्रंच ने 'टाइगर हीरो हंट' लॉन्च किया है।

यह एक जागरूकता-आधारित उपभोक्ता अभियान है, जिसे ऐसी कहानियों के जरिए तैयार किया गया है जो बच्चों को खुद से जोड़े रखती हैं और उन्हें उस स्थिति के अनुभव का अहसास कराती हैं, ताकि वे बुलिंग को आसानी से पहचान सकें।

ब्रिटानिया इंडस्ट्रीज के वाइस प्रेसिडेंट (मार्केटिंग), सिद्धार्थ गुप्ता ने कहा, "'टाइगर हीरो हंट' के माध्यम से हमारा प्रयास बुलिंग के प्रति जागरूकता फैलाना है।

वीएमएल (टडरु) के ग्रुप चीफ क्रिएटिव ऑफिसर, काल्पेश पाटणकर ने कहा, "'टाइगर हीरो हंट' के माध्यम से ब्रिटानिया टाइगर क्रंच ने बुलिंग जैसे गंभीर मुद्दे पर संवाद शुरू करने की दिशा में एक साहसिक कदम उठाया है।

## कॉफी उत्पादों का करते थे अवैध निर्माण,चार धरे

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** दिल्ली पुलिस की अपराध शाखा ने नकली ईनो एंटासिड पाउडर और जाली नेस कैफे कॉफी उत्पादों के अवैध निर्माण, भंडारण और वितरण में शामिल रैकेट का भंडाफोड़ कर चार आरोपियों को गिरफ्तार किया है।पुलिस ने उनके पास से बीस लाख का सामान जब्त किया है। ये नकली ईनो उत्पाद, जिनका आमतौर पर एसिडिटी, अपच और गैस से जुड़ी समस्याओं से राहत पाने के लिए इस्तेमाल किया जाता है, और जाली कॉफी उत्पाद, देश के विभिन्न हिस्सों में थोक और खुदरा माध्यमों से सप्लाई किए जा रहे थे।



पुलिस आयुक्त सतीश गोलचा पुलिस मुख्यालय में रिटायर हो रहे दिल्ली पुलिसकर्मियों के लिए रिटायरमेंट के बाद की जिंदगी विषय पर आयोजित दो-दिवसीय वर्कशॉप के समापन अवसर पर।

# यूनिवर्सिटीज से ही निकल पाते हैं देश के उच्चतम लोग: वीके सिंह

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** दिल्ली विवि के पुस्तकालय एवं सूचना विज्ञान विभाग का 80 वां स्थापना दिवस समारोह मंगलवार, 21 अप्रैल को डीयू के वाइस रीगल लॉज स्थित कन्वेंशन हॉल में आयोजित हुआ। इस अवसर पर समारोह के मुख्य अतिथि के तौर पर मिजोरम के राज्यपाल जनरल डॉ. वी.के. सिंह उपस्थित रहे। समारोह की अध्यक्षता दिल्ली विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. योगेश सिंह ने की। सेवानिवृत आई.ए.एस डॉ. अजय शंकर पांडेय समारोह के विशिष्ट अतिथि के रूप में मौजूद रहे। जनरल डॉ. वी.के. सिंह ने अपने संबोधन में कहा कि जब आप किसी लाइब्रेरी में जाते हैं, तो वहाँ वो चीज प्राप्त करते हैं जो कहीं और नहीं मिल सकती। अगर आप यूरोप में जाएँ तो वहां सार्वजनिक पुस्तकालयों पर सबसे ज्यादा जोर मिलता है। हमारे यहाँ भी पहले सार्वजनिक पुस्तकालय थे, धीरे धीरे उनका चलन खत्म होने लगा; कुछ जगह पर अभी भी हैं, लेकिन शायद उनकी देखरेख उतनी नहीं है, जितना कि उनको सपोर्ट मिलना चाहिए। अब समय है कि हम उन्हें और अच्छा बना सकें, ताकि सब लोगों को उनका फायदा मिल सके।

# आईएसआई के दो गुर्गे गिरफ्तार, ग्रेनेड हमले व टारगेट किलिंग की थी योजना

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** दिल्ली एनसी आर में बड़े हमले की साजिश को दिल्ली पुलिस की स्पेशल सेल ने समय रहते नाकाम कर दिया। पुलिस ने पाकिस्तान में बैठे गैंगस्टर और आईएसआई के कथित प्रॉक्सी शाहजाद भट्टी के इशारे पर काम कर रहे दो गुर्गों को गिरफ्तार किया है।

स्पेशल सेल को खुफिया जानकारी मिली थी कि पाकिस्तान में बैठा गैंगस्टर शहजाद भट्टी और आईएसआई के अन्य गुर्गे, भारत में मौजूद अपने कुछ साथियों के साथ मिलकर, दिल्ली-एनसीआर क्षेत्र और आस-पास के इलाकों में ग्रेनेड हमले और टारगेट किलिंग को अंजाम देने की एक आपराधिक साजिश रच रहे हैं। इसी के आधार पर मामला दर्ज किया गया और जांच शुरू की गई। गिरफ्तार आरोपियों की पहचान राजवीर (21) और विवेक बंजारा (19) के रूप में हुई है।

दोनों मध्य प्रदेश के ग्वालियर के रहने वाले हैं। स्पेशल सेल ने इन्हें एक विशेष अभियान के दौरान पकड़ा। पुलिस ने आरोपी राजवीर के पास से एक पिस्तौल और छह जिंदा कारतूस बरामद किए हैं। इसके अतिरिक्त, दोनों आरोपियों के पास से दो मोबाइल फोन भी बरामद हुए हैं, जिनमें आपत्तिजनक वीडियो और वॉयस नोट्स मिले हैं। पूछताछ में पता चला कि राजवीर अपने हैंडलर शहजाद भट्टी के निर्देश पर दिल्ली/एनसीआर क्षेत्र के एक प्रमुख होटल को निशाना बनाने की तैयारी कर रहा था। अधिकारियों का कहना है कि आरोपियों से गहन पूछताछ जारी है और उनके नेटवर्क से जुड़े अन्य लोगों की तलाश की जा रही है। साथ ही यह भी जांच की जा रही है कि किन-किन स्थानों को निशाना बनाया जाना था।

## रिटायर हो रहे पुलिस अधिकारियों के लिए वर्कशॉप आयोजित

**नई दिल्ली।** दिल्ली पुलिस आयुक्त सतीश गोलचा ने पुलिस मुख्यालय में रिटायर हो रहे दिल्ली पुलिसकर्मियों के लिए रिटायरमेंट के बाद की जिंदगी विषय पर आयोजित दो-दिवसीय वर्कशॉप का समापन किया। इस मौके पर विशेष पुलिस आयुक्त रॉबिन हिबू, राजेश खुराना, नीरज ठाकुर, गरिमा भटनागर, रविंद्र सिंह यादव, मधुप कुमार तिवारी, देवेश चंद्र श्रीवास्तव, डेविड लालरिन्सांगा, मनीष कुमार अग्रवाल, अजय चौधरी, विजय कुमार, संजय कुमार और के. जगदीशन ने भी अपनी गरिमामयी उपस्थिति से दी।इस अवसर पर दिल्ली पुलिस आयुक्त सतीश गोलचा ने इस बात पर जोर दिया कि सेवानिवृत्ति किसी भी व्यक्ति के जीवन में एक महत्वपूर्ण बदलाव लाती है; क्योंकि कई वर्षों तक कड़ी मेहनत और अनुशासन के साथ सेवा करने के बाद, हमारी दैनिक दिनचर्या अचानक बदल जाती है। उन्होंने इस बात पर विशेष बल दिया कि हमारे कर्मियों को सेवा की शुरुआत में ही वित्तीय योजना से संबंधित मार्गदर्शन प्रदान किया जाना चाहिए।

# प्रीत विहार हत्याकांड में मुख्य आरोपी प्रॉपर्टी डीलर व उसके दो साथी गिरफ्तार

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** प्रीत विहार इलाके में पार्किंग को लेकर हुए विवाद में कपड़ा कारोबारी की गोली मारकर हत्या के मामले में पुलिस ने मुख्य आरोपित सहित तीन लोगों को गिरफ्तार कर लिया है। आरोपितों की पहचान गौरव शर्मा, सुनील शर्मा और सिद्धार्थ के रूप में हुई है। पुलिस के अनुसार, मामले की गंभीरता को देखते हुए पूर्वी जिला पुलिस की तीन टीमें गठित की गई थीं, जिनमें प्रीत विहार थाना पुलिस, स्पेशल स्टाफ और एंटी स्नैचिंग एंड बर्गलरी सेल शामिल थीं। सीसीटीवी फुटेज, तकनीकी सर्विलांस और स्थानीय इनपुट के आधार पर आरोपितों को दबोचा गया। जांच में सामने आया है कि विवाद की शुरुआत गाड़ी खड़ी करने को लेकर हुई थी।

आरोपित गौरव शर्मा अपनी बीएमडब्ल्यू लेकर घर पहुंचा तो एंट्री गेट के सामने खड़ी कार के कारण रास्ता बाधित मिला। इसको लेकर उसकी पड़ोसी पारस से कहासुनी हो गई। पारस ने अपने भाई पंकज को फोन कर मौके पर बुलाया, जो नोएडा से वहां पहुंचा था। रात करीब दो बजे के आसपास विवाद फिर भड़क गया और गाली-गलौज के बीच हाथापाई की नौबत आ गई। इसी दौरान आरोपित गौरव शर्मा ने पिस्टल निकालकर पंकज के सीने में गोली मार दी, जिससे उसकी मौके पर ही मौत हो गई।

हमले के दौरान पारस के साथ भी मारपीट की गई और उसे चोटें आईं। वारदात के बाद आरोपित अपने साथियों के साथ मौके से फरार हो गया था। घटना के बाद पुलिस ने इलाके के सीसीटीवी फुटेज खंगाले और तकनीकी विश्लेषण के जरिए आरोपितों की पहचान की। सूचना के आधार पर मुख्य आरोपित गौरव शर्मा को गिरफ्तार किया गया। उसके साथ उसके सहयोगी सुनील शर्मा और उसका सौतेला बेटा सिद्धार्थ भी पकड़े गए हैं।

## लैब-ग्रोन डायमंड स्टोर लांच किया

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** सेन्को गोल्ड एंड डायमंड्स की विरासत और विश्वास से समर्थित, सेनेस ख्र सेन्को का लैब-ग्रोन डायमंड-केंद्रित लाइफस्टाइल ब्रांड ख्र ने नोएडा के गौर सिटी मॉल में अपने पहले एक्सक्लूसिव स्टोर के लॉन्च की घोषणा की। यह देश में सेनेस का 12वां स्टोर है और नोएडा मार्केट में इसकी शुरुआत है, जो प्रमुख शहरी केंद्रों में इसकी उपस्थिति को और मजबूत करता है।

लॉन्च के अवसर पर, जोइता सेन, डायरेक्टर और हेड ऑफ मार्केटिंग, सेन्को गोल्ड एंड डायमंड्स, ने कहा कि "नोएडा के उपभोक्ता आज ज्वेलरी के प्रति अपने दृष्टिकोण में डिजाइन- सचेत और स्पष्ट रूप से आधुनिक हैं। सेनेस के साथ, हमारा फोकस लैब-ग्रोन डायमंड्स को सिर्फ एक विकल्प के रूप में नहीं, बल्कि एक व्यापक, डिजाइन-आधारित लाइफस्टाइल का हिस्सा बनाने पर रहा है।

# नशे का विरोध करने पर किया जानलेवा हमला

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** उत्तर-पूर्वी दिल्ली के सोनिया विहार इलाके में नशे के सेवन को लेकर की गई शिकायत के बाद एक परिवार पर चाकुओं और रॉड से जानलेवा हमला किया गया। इस घटना में एक बुजुर्ग महिला सहित परिवार के तीन सदस्य घायल हो गए, जिनमें से एक की हालत गंभीर बताई जा रही है।

यह सनसनीखेज घटना सोनिया विहार के चौथा पुश्ता क्षेत्र में दुर्गा मंदिर के पास हुई। पीड़ित परिवार के घर के पास एक खाली जमीन है, जहां कुछ असामाजिक तत्व अक्सर नशा करने इकट्ठा होते थे। परिवार ने इसे लेकर पहले शिकायत की थी। जिसके बाद से ही वे लोग इस परिवार से रंजिश रखने लगे थे। स्थिति तब और बिगड़ गई जब आरोपियों ने कथित तौर पर परिवार की खड़ी कार को क्षतिग्रस्त कर दिया और उसे आग लगाने की कोशिश की। इसके बाद परिवार ने पुलिस में एक और शिकायत दर्ज कराई। जिससे आरोपी बौखला गए। आरोपियों ने कथित तौर पर अपने कई साथियों के साथ लाठी-डंडों, रॉड और चाकु लेकर जबरन घर में घुसे।

# डीएम कविता मीना का सख्त संदेश, लापरवाही बर्दाश्त नहीं, जनता की समस्या प्राथमिकता

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हापुड़।** जनपद हापुड़ की नई जिला. धिकारी कविता मीना ने मंगलवार को पदभार ग्रहण करते ही प्रशास. निक कार्यों में तेजी के संकेत दे दिए। पदभार संभालने के तुरंत बाद उन्होंने पत्रकारों से वार्ता कर अपनी प्राथमिकताएं स्पष्ट कीं और फिर सभी विभागों के अधिकारियों के साथ पहली समन्वय बैठक कर जनसमस्याओं के त्वरित निस्तारण, पारदर्शिता और जवाबदेही पर सख्त निर्देश दिए।

जिलाधिकारी ने साफ कहा कि आमजन की समस्याओं का समयबद्ध समाधान उनकी सर्वोच्च प्राथमिकता रहेगी। उन्होंने अधिका. रियों को निर्देशित किया कि जनता से जुड़े हर मामले को संवेदनशीलता और गंभीरता के साथ लिया जाए और अनावश्यक देरी किसी भी स्थिति में बर्दाश्त नहीं की जाएगी। उन्होंने कहा कि शासन की जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ अंतिम व्यक्ति तक पहुंचाना सुनिश्चित किया जाए। बैठक के दौरान डीएम कविता मीना ने राजस्व, पुलिस, स्वास्थ्य, शिक्षा, नगर निकाय, विद्युत, जल निगम सहित सभी विभागों की कार्यप्रणाली की समीक्षा की। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि लंबित शिकायतों का निस्तारण प्राथमिकता के आधार पर किया जाए और प्रत्येक अधिकारी अपने विभाग की प्रगति की नियमित मॉनिटरिंग करे। साथ ही, जनसुनवाई में आने वाली शिकायतों



को गंभीरता से लेते हुए उनका गुणवत्तापूर्ण समाधान सुनिश्चित किया जाए। जिलाधिकारी ने विशेष रूप से कानून-व्यवस्था को लेकर भी सख्त रुख अपनाते हुए कहा कि जनपद में शांति व्यवस्था बनाए रखना सर्वोच्च प्राथमिकता है। इसके अलावा उन्होंने साफ-सफाई, पेयजल व्यवस्था, बिजली आपूर्ति, सड़क निर्माण और स्वास्थ्य सेवाओं को बेहतर बनाने पर भी जोर दिया। जिलाधिकारी कविता मीना ने कहा, जनपद हापुड़ के विकास और यहां के नागरिकों की समस्याओं का समाधान मेरी पहली प्राथमिकता है। शासन की मंशा के अनुरूप हर योजना का लाभ अंतिम व्यक्ति तक पहुंचाना सुनिश्चित किया जाएगा। अधिकारियों को स्पष्ट निर्देश दिए गए हैं कि वे फील्ड में जाकर कार्य करें और जमीनी हकीकत को समझते हुए समस्याओं का समाधान करें। मेरा प्रयास रहेगा कि हापुड़ जनपद को एक सुशासित, विकसित और जनहितैषी जिला बनाया जाए, जहां आम नागरिक को समय पर न्याय और सुविधाएं मिल सकें।

# अग्निशमन विभाग का बड़ा अभियान, अस्पतालों में सुरक्षा व्यवस्था की जांच तेज

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हापुड़।** जनपद में अग्नि सुरक्षा को लेकर मंगलवार को विशेष अभियान चलाया गया। महानिद. ेशक अग्निशमन एवं आपात सेवा मुख्यालय लखनऊ के आदेश पर लागू स्कीम नंबर-03 के तहत मुख्य अग्निशमन अधिकारी के निर्देशन में जिले के सभी अग्निशमन केंद्रों की टीमों ने अस्पतालों और नर्सिंग होम में फायर ऑडिट कर व्यवस्थाओं का जायजा लिया। इस दौरान अग्निशमन उपकरणों की कार्यशीलता जांची गई और कर्मचारियों को आपात स्थिति से निपटने का प्रशिक्षण दिया गया।

अभियान के तहत हापुड़ स्थित ब्लूम हॉस्पिटल और एटमॉस हॉस्पिटल, गढ़मुक्तेश्वर के अंबे हॉस्पिटल और देवनंदनी हॉस्पिटल तथा पिलखुवा के सिद्धिविनायक अस्पताल और जे.डी. अस्पताल में टीमों ने पहुंचकर सुरक्षा व्यवस्थाओं की पड़ताल की। अधिकारियों ने अस्पताल प्रबंधन और स्टाफ को आग से बचाव के उपायों की विस्तृत जानकारी दी और फायर उपकरणों के सही संचालन का अभ्यास कराया। मुख्य अग्निशमन अधिकारी अजय शर्मा ने बताया कि अस्पताल जैसी संवेदनशील जगहों पर अग्नि सुरक्षा व्यवस्था का दुरुस्त होना बेहद जरूरी है। हमारा प्रयास है कि हर अस्पताल में अग्निशमन उपकरण पूरी तरह कार्यशील रहें, स्टाफ को उनके संचालन का सही ज्ञान हो और किसी भी आपात स्थिति में घबराने के बजाय व्यवस्थित तरीके से कार्रवाई की जा सके। सीएफओ ने यह भी कहा कि अस्पताल प्रबंधन की जिम्मेदारी है कि वे नियमित रूप से अपने कर्मचारियों को प्रशिक्षित करें और समय-समय पर मॉक ड्रिल आयोजित करें। विभाग द्वारा भी जनजागरूकता के माध्यम से लोगों को अग्नि सुरक्षा के प्रति जागरूक किया जा रहा है, जिससे संभावित हादसों को रोका जा सके। इसके साथ ही नजदीकी अग्निशमन केंद्रों के संपर्क नंबरों का भी प्रचार-प्रसार किया गया और किसी भी आपात स्थिति में तुरंत सूचना देने की अपील की गई।



# सिम्स में अग्नि सुरक्षा का अभ्यास, आपातकालीन तैयारी पर फोकस

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हापुड़।** अग्निशमन सेवा सप्ताह के तहत सरस्वती इंस्टीट्यूट ऑफ मेडिकल साइंसेज़ में व्यापक जागरूकता अभियान और लाइव मॉक ड्रिल का आयोजन किया गया। 14 से 20 अप्रैल तक चले इस कार्यक्रम में स्टाफ, विद्यार्थियों और आगंतुकों को आग से बचाव, खतरे की पहचान और आपात स्थिति में त्वरित प्रतिक्रिया के बारे में प्रशिक्षित किया गया। संस्थान ने इस पहल के जरिए सुरक्षित और सजग परिसर निर्माण के प्रति अपनी प्रतिबद्धता दोहराई।

कार्यक्रम के दौरान अग्निशामक यंत्रों के उपयोग का लाइव प्रदर्शन किया गया। इसके साथ ही 'रेस प्रोटोकॉल'बचाव, सतर्क करना, नियंत्रित करना और निकासी के



माध्यम से आपातकालीन स्थिति में सही कदम उठाने की जानकारी दी गई। अग्नि सुरक्षा टीम ने कार्बन डाइऑक्साइड अग्निशामक यंत्र, व्यक्तिगत सुरक्षा उपकरण और श्वसन यंत्र समेत विभिन्न संसाधनों का प्रदर्शन किया। प्रतिभागियों को मौके पर ही अभ्यास कराकर आत्मविश्वास बढ़ाने पर जोर दिया गया। कार्यक्रम में फायर ऑफिसर अरशद खान व प्रमोद कुमार, द्वितीय फायर ऑफिसर दिनेश कुमार, फायरमैन चंद्रपाल सिंह व कमल कोरी तथा सुपरवाइज़र अभिषेक पुंडीर की महत्वपूर्ण भूमिका रही। संस्थान की प्राचार्या डा. बरखा गुप्ता, वरिष्ठ सलाहकार ब्रिगेडियर डा. आर. के. सहगल आदि ने कार्यक्रम की सराहना करते हुए इसे सुरक्षा जागरूकता की दिशा में अहम कदम बताया। संस्थान के संस्थापक एवं अध्यक्ष डा. जे. रामचंद्रन और उपाध्यक्ष रम्या रामचंद्रन ने कहा कि इस तरह के आयोजन न केवल संस्थान बल्कि समाज में भी सुरक्षा के प्रति जागरूकता बढ़ाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। अग्निशमन सेवा सप्ताह के तहत हुआ यह आयोजन संस्थान की सुदृढ़ सुरक्षा नीति और आपात स्थितियों से निपटने की तैयारी का प्रमाण माना जा रहा है।

# गुरुद्वारा साहिब में छात्रों को मिले संस्कार, सेवा व समानता का संदेश

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हापुड़।** शहर के गुरुद्वारा सिख मिशन में एक प्रेरणादायक शैक्षिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया, जिसमें जेएमएस वर्ल्ड स्कूल के छात्र-छात्राओं को आमंत्रित कर सिख धर्म की परंपराओं, मूल्यों और गुरु मर्यादा से अवगत कराया गया। कार्यक्रम का आयोजन गुरुद्वारा इंचार्ज बृजपाल सिंह और हेड ग्रंथी प्रभपाल की अगुवाई में किया गया, जिसमें बच्चों को धार्मिक ज्ञान के साथ-साथ मानवीय मूल्यों की भी सीख दी गई।

कार्यक्रम के दौरान छात्र-छात्राओं को सिख धर्म के पांच ककार केश, कड़ा, कृपाण, कंघा और कच्छा के महत्व के बारे में विस्तार से बताया गया। हेड ग्रंथी प्रभपाल ने गुरु की मर्यादा, अनुशासन और लंगर की



परंपरा के महत्व पर प्रकाश डालते हुए बताया कि लंगर केवल भोजन नहीं, बल्कि समानता और सेवा का प्रतीक है। इस अवसर पर बच्चों ने गुरुद्वारा साहिब में मत्था टेककर आशीर्वाद प्राप्त किया और लंगर सेवा में भी सहभागिता की। गुरुद्वारा इंचार्ज बृजपाल सिंह ने कहा, आज के समय में बच्चों को केवल किताबों तक सीमित रखना पर्याप्त नहीं है, बल्कि उन्हें हमारे महान गुरुओं की शिक्षाओं और संस्कारों से भी जोड़ना बेहद जरूरी है। गुरुद्वारा साहिब में आकर बच्चे यह समझते हैं कि सभी धर्म हमें एक-दूसरे के प्रति प्रेम और सम्मान सिखाते हैं। लंगर की परंपरा से उन्हें यह सीख मिलती है कि समाज में कोई छोटा-बड़ा नहीं होता, सभी एक समान हैं। शिक्षकों ने बताया कि इस तरह के कार्यक्रमों से बच्चों को किताबों के बाहर का ज्ञान मिलता है और वे व्यवहा. रिक जीवन में नैतिक मूल्यों को अपनाने के लिए प्रेरित होते हैं। कार्यक्रम के अंत में सभी ने इस तरह के आयोजनों को आगे भी जारी रखने पर जोर दिया।

# महिला आयोग की उपाधयक्ष के खिलाफ कांग्रेस का प्रदर्शन

'kkg VkbEl loknnkrk

eFkjkA उत्तर प्रदेश महिला आयोग की उपाध्यक्ष व भाजपा नेता अपर्णा यादव द्वारा भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस का झंडा जलाए जाने के विरोध में कांग्रेस की महिला पदाधिकारियों ने मंगलवार को होली गेट पर जोरदार प्रदर्शन करते हुए उनका पुतला दहन किया।

कार्यक्रम का नेतृत्व जिला कांग्रेस उपाध्यक्ष श्रीमती रुपा लवानिया ने किया। कार्यक्रम जिला कांग्रेस अध्यक्ष मुकेश धनगर के निर्देश पर किया गया। इस दौरान पीसीसी सदस्य वरिष्ठ नेत्री लता चौहान ने घटना



को दुर्भाग्यपूर्ण बताते हुए कहा कि इस तरह की कार्रवाई राजनी. तिक उद्देश्य से प्रेरित प्रतीत होती है। उन्होंने आरोप लगाया कि महिला सम्मान जैसे गंभीर विषय को जटिल प्रक्रियाओं से जोड़कर भ्रम की स्थिति पैदा की जा रही है। साथ ही कहा कि नरेंद्र मोदी सरकार महिला आरक्षण के मुद्दे पर गंभीर नहीं है।

# देव मेमोरियल पब्लिक स्कूल में अग्निशमन सेवा सप्ताह पर मॉक ड्रिल आयोजित

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**गढ़मुक्तेश्वर।** देव मेमोरियल पब्लिक स्कूल में अग्निशमन सेवा सप्ताह के अंतर्गत जन-जागरूकता कार्यक्रम के तहत मॉक ड्रिल का आयोजन किया गया। इस दौरान विद्यार्थियों और चालक बंधुओं को आग से बचाव तथा आपातकालीन स्थिति में त्वरित कार्रवाई के गुर सिखाए गए।

डीएम स्कूल में आयोजित अभ्यास में अग्निशमन विभाग की टीम ने आग लगने की स्थिति में सुरक्षा उपाय, सतर्कता और सही प्रतिक्रिया के बारे में विस्तार से जानकारी दी। प्रभारी अग्निशमन केंद्र उत्तम कुमार राणा ने उपकरणों के सही इस्तेमाल, बचाव तकनीकों और संकट के समय संयम बनाए रखने के तरीकों का व्यवहारिक प्रदर्शन किया। मॉक ड्रिल के माध्यम से छात्रों को वास्तविक परिस्थितियों का अनुभव कराया गया, जिससे उनमें आत्मविश्वास और सजगता विकसित हुई। कार्यक्रम का उद्देश्य जीवन व संपत्ति की सुरक्षा के प्रति समझ को मजबूत करना रहा, विद्यालय प्रबंधक राजेंद्र चौधरी ने कहा कि सुरक्षा केवल नियमों तक सीमित नहीं, बल्कि दिनचर्या का अहम हिस्सा बननी चाहिए। ऐसे अभ्यास कठिन हालात में सही निर्णय लेने में सहायक सिद्ध होते हैं।समापन अवसर पर प्रबंधन द्वारा मुख्य विशेषज्ञ तथा सहयोगी कर्मियों को पौधा भेंट कर आभार व्यक्त किया गया। इस दौरान उप प्रधानाचार्य युधिष्ठिर यादव, समन्वयक योगेंद्र सिंह, मुस्कान शर्मा, प्रांजल शर्मा, तनीषा भड़ाना समेत अन्य शिक्षण स्टाफ मौजूद रहा।

## एक नजर

### बारादरी मैदान में युवक पर चाकू से जानलेवा वार

**गढ़मुक्तेश्वर।** कोतवाली क्षेत्र के बारादरी मैदान के पास एक युवक पर चाकू से जानलेवा हमला किए जाने का मामला सामने आया है। घटना में युवक गंभीर रूप से घायल हो गया। पीड़ित पक्ष ने मामले में पुलिस को तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की है। मोहल्ला घोसियान निवासी संजय ने पुलिस को दी तहरीर में बताया कि उसका भाई संजीव यादव शाम के समय भोजन के बाद टहलने के लिए घर से निकला था औरबारादरी मैदान की ओर जा रहा था। आरोप है, कि मैदान में पहले से घात लगाकर बैठे छोटा बाजार निवासी राजकुमार ने अचानक उस पर चाकू से हमला कर दिया। हमले में संजीव के गले पर वार किया गया, जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गया। बताया गया कि जान बचाने के लिए संजीव मौके से भागने लगा, लेकिन हमलावर ने पीछा कर दोबारा वार किया, जिससे उसके हाथ में भी चोट आई। परिजनों का कहना है कि आरोपी पुरानी रंजिश के चलते इस वारदात को अंजाम दिया है और पहले भी शिकायत दी जा चुकी है। पीड़ित पक्ष ने पुलिस को तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की है। थाना प्रभारी देवेंद्र सिंह बिष्ट का कहना है कि मामले की जांच की जा रही है और तथ्यों के आधार पर आगे की कार्रवाई की जाएगी।

### घर के अंदर मिला व्यक्ति का शव, इलाके में फैली सनसनी

**सिंभावली।** थाना क्षेत्र के गांव दरियापुर में एक व्यक्ति का शव उसके घर के अंदर मिलने से हड़कंप मच गया। घर से बदबू आने पर पड़ोसियों ने पुलिस को सूचना दी, जिसके बाद मामले का खुलासा हुआ। शव को कब्जे में लेकरपुलिस ने पोस्टमार्टम के लिए भेजा। थाना सिंभावली क्षेत्र के गांव दरियापुर निवासी हरीश का शव उसके ही घर के अंदर संदिग्ध हालत में मिला। थाना प्रभारी सुरेश कुमार ने बताया कि घर से बदबू आ रही थी। संदेह होने परपड़ोसियों ने पुलिस को सूचना दी। सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची और घर का दरवाजा खुलवाया। अंदर जाकर देखा तो हरीश का शव पड़ा हुआ था, जिससे इलाके में सनसनी फैल गई। पुलिस के अनुसार मृतक की पत्नी काफी दिनों से अपने मायके गई हुई थी, जबकि उसकी मां भी घर पर मौजूद नहीं थी। ऐसे में हरीश घर में अकेला रह रहा था। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है और मामले की जांच शुरू कर दी है। मौत के कारणों का खुलासा पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही हो सकेगा।

### सड़क किनारे पड़े व्यक्ति को बाइक सवार ने कुचला, मौके पर मौत

**गढ़मुक्तेश्वर।** ब्रजघाट क्षेत्र के गांव बलुवापुर के पास एक दर्दनाक हादसे में सड़क किनारे पड़े व्यक्ति को तेज रफ्तार बाइक ने कुचल दिया, जिससे उसकी मौके पर ही मौत हो गई। ब्रजघाट क्षेत्र के गांव बलुवापुर के पास सड़क किनारे एक व्यक्ति शराब के नशे में पड़ा हुआ था। इसी दौरान एक तेज रफ्तार बाइक सवार ने उसे कुचल दिया, जिससे उसकी मौके पर ही मौत हो गई।सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची और शव को कब्जे में लिया। चौकी प्रभारी इन्द्रकांत ने बताया कि मृतक की पहचान जयकरण निवासी गंगा घाट, ब्रजघाट के रूप में हुई है। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है और मामले की जांच शुरू कर दी है। वहीं, बाइक सवार की तलाश की जा रही है।

### नगर मजिस्ट्रेट ने 2 बुक स्टालों का किया आकस्मिक निरीक्षण

eFkjkA जिला शुल्क नियामक समिति की पूर्व बैठक में जिलाधिकारी के निर्देशों के पश्चात् भी पुस्तक विक्रेताओं द्वारा किताबों के मूल्यों पर मनमाना शुल्क वसूली एवं बिल न देने के सम्बन्ध में लगातार प्राप्त हो रही शिकायतों हेतु जिलाधिकारी चंद्र प्रकाश सिंह जी के निर्देशों के क्रम में नगर मजिस्ट्रेट अनुपम कुमार मिश्रा द्वारा आज दिनांक 20 अप्रैल 2026 को गोपनीय जाँच के तहत आकस्मिक छापेमारी की गयी। उन्होंने सेंट डोमनिक्स स्कूल (अल्फा प्ले), सेक्रेड हार्ट स्कूल एवं जय शिव कॉन्वेंट स्कूल के छात्र छात्राओं के अभिभावकों द्वारा उपरोक्त के दृष्टिगत प्राप्त शिकायती पत्रों के निस्तारण के संबंध में पुस्तक विक्रेताओं की दो दुकानों यथा– माई बुक शॉप धौली प्याऊ मथुरा एवं कृष्णा पुस्तक एजेन्सी धौली प्याऊ मथुरा की दुकानों का पर आकस्मिक रूप से जांच की गयी। संबंधित दुकानदारों द्वारा कोई भी छूट एवं बिल देने से मना किया गया। उक्त दुकानों पर उपस्थित अन्य अभिभावकों द्वारा भी इसकी पुष्टि की गई।

# संस्कृति विवि में विद्यार्थियों को बताई मंत्र ध्यान की शक्ति

'kkg VkbEl loknnkrk

eFkjkA संस्कृति विश्वविद्यालय में संस्कृति स्कूल आफ इंजीनियरिंग एंड इंफॉर्मेशन टेक्नोलॉजी (एसओईआईटी) द्वारा प्राचीन भारतीय ज्ञान परंपरा को आधुनिक व्यावसायिक जीवन से जोड़ने के उद्देश्य से एक विशेष व्याख्यान सत्र का आयोजन किया गया। कार्यक्रम "मंत्र ध्यान की शक्तिः व्यावसायिक जीवन में सुख और सफलता का प्रभावी साधन।" विषय को लेकर आयोजित किया गया।

कार्यक्रम के मुख्य अतिथि संस्कृति विवि के प्रति कुलपति डॉ. रघुराम भट्ट ने अपने भारतीय ज्ञानपरंपरा की प्रासंगिकता पर प्रकाश डाला। उन्होंने मानव



जीवन के चार आश्रमों ब्रह्मचर्य, गृहस्थ, वानप्रस्थ और संन्यास का विस्तार से वर्णन करते हुए बताया कि ये जीवन के विभिन्न चरणों में व्यक्ति को अनुशासन और उद्देश्यपूर्ण जीवन जीने की दिशा प्रदान करते हैं। उन्होंने यह भी कहा कि एक सही गुरु के मार्गदर्शन से व्यक्ति अपने व्यक्तिगत और व्यावसायिक जीवन का सही अर्थ समझ सकता है और संतुलित एवं सफल जीवन जी सकता है।

मुख्य वक्ता पंचगौड़ा प्रभुजी, इस्कान मंदिर के अध्यक्ष ने मंत्र ध्यान की महत्ता औरउसके जीवन पर सकारात्मक प्रभावों को अत्यंत सरल और प्रभावशाली ढंग से प्रस्तुत किया। प्रभुजी ने बताया कि मंत्र ध्यान आज के तनावपूर्ण और प्रतिस्पर्धात्मक वातावरण में मानसिक शांति, भावनात्मक स्थिरता और आंतरिक संतुलन प्राप्त करने का एक प्रभावी साधन है। उन्होंने विशेष रूप से विद्यार्थियों में बढ़ती मानसिक समस्याओं जैसे तनाव, चिंता, एकाग्रता की कमी और शैक्षणिक दबाव पर प्रकाश डाला और बताया कि नियमित मंत्र ध्यान से मन शांत होता है, नकारात्मक विचारों में कमी आती है और भावनात्मक दृढ़ता बढ़ती है।

उन्होंने यह भी बताया कि ध्यान का अभ्यास करने वाले विद्यार्थी अपने अध्ययन में अधिक एकाग्र रहते हैं, ध्यान भटकाव को नियंत्रित कर पाते हैं और निरंत. रता बनाए रखते हैं। करियर विकास से जोड़ते हुए उन्होंने कहा कि शांत और केंद्रित मन बेहतर निर्णय लेने, उत्पादकता बढ़ाने और प्रभावी संवाद कौशल विकसित करने में सहायक होता है, जो व्यावसायिक सफलता के लिए अत्यंत आवश्यक हैं।

कार्यक्रम का शुभारंभ डॉ. पंकज कुमार गोस्वामी, डीन एसओईआईटी द्वारा स्वागत उद्‌बोधन के साथ हुआ। अपने संबोधन में उन्होंने भारतीय ज्ञान प्रणाली के महत्व को रेखांकित करते हुए कहा कि यह न केवल शिक्षा में उत्कृष्टता प्रदान करती है, बल्कि व्यावसायिक जीवन में भी संतुलन और सफलता प्राप्त करने का मार्ग दिखातीहै। उन्होंने यह भी बताया कि भारतीय परंपराओं में निहित ज्ञान विद्यार्थियों को अध्ययन और नौकरी दोनों में वास्तविक खुशी प्राप्त करने में सहायक होता है।

कार्यक्रम में इस्कॉन के भक्त राधाचरण दास, परमात्मा दास, अनुत्तम तत्त्व दास, गोविंद प्रेम दास, भक्त विग्नेश एवंइंद्रद्युम्न दास उपस्थित रहे, जिन्होंने भजन एवं मंत्रोच्चारण के माध्यम से विद्यार्थियों को एक आध्यात्मिक अनुभव प्रदान किया।

# स्थानीय परिवाद समिति के पुनर्गठन के लिए आवेदन आमंत्रित

eFkjkA जिला प्रोबेशन अधिकारी विकास चन्द्र ने अवगत कराया है कि कार्यस्थल पर महिलाओं के लैंगिक उत्पीड़न (निवारण, प्रतिषेध एवं प्रतितोष) अधिनियम, 2013 के अंतर्गत जनपद मथुरा में स्थानीय परिवाद समिति के पुनर्गठन हेतु रिक्त पदों पर आवेदन आमंत्रित किए जाते हैं। अध्यक्ष (01 पद) महिलाओं के अधिकारों के क्षेत्र में कार्यरत और सामाजिक कार्य के प्रति समर्पित प्रख्यात महिला।

सदस्य (02 पद) ऐसी महिलाएं जो महिलाओं के क्षेत्र में कार्य करने वाली संस्थाओं, एनजीओ से जुड़ी हों अथवा जिन्हें विधिक ज्ञान, समाज सेवा का अनुभव हो।

कार्यकाल अधिकतम 03 वर्ष होगा तथा मानदेय नियमानुसार (अधिनियम के प्रावधानों के अंतर्गत) होगा। इच्छुक अभ्यर्थी अपना बायोडाटा एवं संबंधित दस्तावेज दिनांक 27 अप्रैल 2026 के सायंकाल 5 बजे तक रजिस्टर्ड डाक के माध्यम से जिला प्रोबेशन कार्यालय, कक्ष संख्या–43, कलेक्ट्रट मथुरा में जमा कर सकते हैं।

# डीएम ने दिए अल्ट्रासाउंड सेंटरों की चेकिंग के निर्देश

'kkg VkbEl loknnkrk

eFkjkA जिलाधिकारी चंद्र प्रकाश सिंह की अध्यक्षता में जिला स्वास्थ्य समिति की बैठक हुई संपन्न। बैठक में जिलाधिकारी चंद्र प्रकाश सिंह ने मुख्य चिकित्सा अधिकारी को सख्त निर्देश दिए कि अवैध, अनाधिकृत अस्पतालों तथा झोलाछाप डॉक्टरों पर कार्यवाही सुनिश्चित करें।

पीसीपीएनडीटी कमेटी को निर्देश दिए कि कन्या भ्रूण हत्या को रोकने के लिए नियमित अल्ट्रासाउंड सेंटरों की चेकिंग करना सुनिश्चित करें तथा अनियमितता पाए जाने पर तत्काल प्राथमिकी दर्ज कराए। जिलाधिकारी चंद्र प्रकाश सिंह ने जिला पंचायत राज अधिकारी धनंजय जायसवाल को निर्देश




दिए कि ग्रामीण क्षेत्रों में विशेष सफाई अभियान चलाए, फॉगिंग कराए एवं एंटी लार्वा छिड़काव कराना सुनिश्चित करें। उन्होंने संचारी रोग के प्रति अधिकाधिक जग जागरूकता फैलाने के निर्देश दिए। जिलाधिकारी ने सभी सरकारी अस्पतालों के चिकित्सकों को निर्देश दिए कि परिसर की साफ–सफाई का विशेष ध्यान रखें तथा मुख्य चिकित्सा अधिकारी नियमित निरीक्षण करे। प्राथमिक एवं साम. ुदायिक स्वास्थ्य केन्द्रों (पीएचसी, सीएचसी) में उपचार व्यवस्थाओं को सुदृढ़ करने के निर्देश दिए गए ताकि आमजन को अनावश्यक रूप से अन्यत्र न भटकना पड़े। बैठक में जिलाधिकारी ने जननी सुरक्षा योजना के संबंध में जानकारी ली।

गर्भवती महिलाओं की समुि. चत देखभाल तथा नवजात शिशुओं की नियमित निगरानी सुनिश्चित करें। उन्होंने महिलाओं को संस्थागत प्रसव हेतु प्रोत्साहित करने के निर्देश दिए। बैठक के दौरान जिलाधिकारी द्वारा ओपीडी की प्रगति की समीक्षा की गई तथा संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया गया कि आमजन को बेहतर, गुणवत्तापूर्ण एवं त्वरित स्वास्थ्य सेवाएं उपलब्ध कराने में किसी प्रकार की शिथिलता न बरती जाए। उन्होंने आभा आईडी जनरेट करने तथा 108 और 112 एंबुलेंस सेवाओं को निर्धारित समय में मरीज तक पहुंचाने के निर्देश दिए।

# विधायक ने उठाई पॉलिटेक्निक कॉलेज की मांग

**मंत्री जयंत चौधरी को सौंपा प्रस्ताव।**

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**थानाभवन।** क्षेत्र के युवाओं को तकनीकी शिक्षा की बेहतर सुविधा उपलब्ध कराने की दिशा में थाना भवन विधायक अशरफ अली खान ने महत्वपूर्ण पहल की है। उन्होंने केंद्र सरकार में केंद्रीय कौशल विकास एवं उद्यमिता राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) तथा कैबिनेट मंत्री जयंत चौधरी से मुलाकात कर अपनी विधानसभा क्षेत्र में राजकीय पॉलिटेक्निक कॉलेज के निर्माण का प्रस्ताव रखा।

विधायक अशरफ अली खान ने मंत्री को अवगत कराया कि उनकी विधानसभा क्षेत्र के ग्राम नौजल-नौजली, विकासखंड थाना भवन में वर्तमान समय में कोई भी राजकीय या निजी पॉलिटेक्निक कॉलेज संचालित नहीं है। इसके कारण क्षेत्र के छात्र-छात्राओं को तकनीकी शिक्षा प्राप्त करने के लिए दूरदराज के जनपदों या शहरों का रुख करना पड़ता है, जिससे उन्हें आर्थिक और मानसिक दोनों तरह की परेशानियों का सामना करना पड़ता है।

उन्होंने कहा कि यदि क्षेत्र में ही पॉलिटेक्निक कॉलेज की स्थापना हो जाती है तो इससे न केवल स्थानीय विद्यार्थियों को सस्ती और सुलभ तकनीकी शिक्षा मिल सकेगी, बल्कि उनके समय और धन की भी बचत होगी। साथ ही, इससे क्षेत्र के समग्र विकास को भी गति मिलेगी और युवाओं को रोजगार के बेहतर अवसर प्राप्त



हो सकेंगे। विधायक ने यह भी बताया कि कॉलेज निर्माण के लिए क्षेत्र में भूमि उपलब्ध है, जिस पर राजकीय पॉलिटेक्निक की स्थापना आसानी से की जा सकती है। उन्होंने मंत्री से इस दिशा में शीघ्र कार्रवाई करने का अनुरोध किया, ताकि क्षेत्र के युवाओं का भविष्य संवर सके। इस पर कैबिनेट मंत्री जयंत चौधरी ने सकारात्मक रुख अपनाते हुए आश्वासन दिया कि राजकीय पॉलिटेक्निक कॉलेज के निर्माण के लिए जल्द ही राज्य सरकार को प्रस्ताव भेजा जाएगा। उन्होंने कहा कि सरकार का उद्देश्य युवाओं को कौशल आधारित शिक्षा से जोड़ना है, जिससे वे आत्मनिर्भर बन सकें और देश के विकास में योगदान दे सकें। इस दौरान विधायक के साथ जितेंद्र चौधरी पेलखा, डॉ. जयराज प्रधान मालेंडी, कपिल चौधरी भैंसवाल, आर्यन राणा फतेहपुर, हाजी इकबाल, आदिल प्रधान भैसानी इस्लामपुर सहित कई गणमान्य लोग मौजूद रहे। सभी ने इस प्रस्ताव का समर्थन करते हुए क्षेत्र में पॉलिटेक्निक कॉलेज की स्थापना को समय की आवश्यकता बताया। स्थानीय लोगों और युवाओं को अब इस प्रस्ताव के साकार होने की उम्मीद जगी है, जिससे उन्हें अपने ही क्षेत्र में तकनीकी शिक्षा प्राप्त करने का अवसर मिल सकेगा।

# बाइक और आइसक्रीम वाहन की भिड़ंत

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**कांधला।** थाना क्षेत्र के बुढ़ाना मार्ग स्थित गांव अटटा के समीप मंगलवार को बाइक और आइसक्रीम वाहन की आमने-सामने भिड़ंत हो गई। हादसे में दोनों वाहन चालक गंभीर रूप से घायल हो गए। राहगीरों ने 108 एंबुलेंस को सूचना दी, जिसके बाद एंबुलेंस कर्मियों ने घायलों को प्राथमिक उपचार के लिए अस्पताल में भतह्र कराया। चिकित्सकों ने दोनों की हालत गंभीर देखते हुए जिला अस्पताल रेफर कर दिया है।कस्बा निवासी रोहित आइसक्रीम बेचकर अपने परिवार का पालन-पोषण करता है। मंगलवार को वह अपने वाहन में आइसक्रीम भरकर बुढ़ाना मार्ग स्थित देहात क्षेत्र की ओर जा रहा था। जैसे ही वह गांव अटटा के पास पहुंचा, तभी विपरीत दिशा से आ रहे गांव डुंगर निवासी अनुज मलिक की बाइक से उसकी आमने-सामने टक्कर हो गई।हादसे में



दोनों चालक घायल होकर सड़क पर गिर पड़े। घायलों की चीख-पुकार सुनकर आसपास के लोग मौके पर पहुंचे और तुरंत 108 एंबुलेंस को सूचना दी। एंबुलेंस कर्मियों ने दोनों घायलों को नगर के सरकारी अस्पताल में भर्ती कराया, जहां प्राथमिक उपचार के बाद उनकी हालत गंभीर होने पर जिला अस्पताल के लिए रेफर कर दिया गया।खबर लिखें जाने तक थाने पर कोई भी तहरीर नहीं दी गई थी।

# नपं की लापरवाही से खुला गड्ढा बना खतरा

**बच्चे के घायल होने से भड़के मोहल्लेवासी**

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**थाना भवन।** नगर के मोहल्ला राजो की मोरी में नगर पंचायत की लापरवाही और ठेकेदार की अनदेखी से लोगों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। करीब एक सप्ताह पूर्व नगर पंचायत थाना भवन की पानी की टंकी से जुड़े कार्य के लिए ठेकेदार द्वारा लगभग तीन फीट गहरा गड्ढे खोदा गया था, जिसे अब तक बंद नहीं किया गया है। यह खुला गड्ढे अब स्थानीय निवासियों, खासकर बच्चों के लिए खतरा बन गया है। मोहल्लेवासियों के अनुसार, गड्ढे लंबे समय से खुला पड़ा है, जिससे आए दिन हादसे का डर बना रहता है। हाल ही में मोहल्ले के निवासी अकील का मासूम बेटा



जुनैद खेलते समय इसी गड्ढे में गिरकर घायल हो गया। इस घटना के बाद से लोगों में रोष बढ़ गया है और उन्होंने नगर पंचायत के प्रति नाराजगी जताई है। स्थानीय लोगों का आरोप है कि उन्होंने कई बार टंकी का कार्य कर रहे ठेकेदार को गड्ढे बंद करने के लिए कहा, लेकिन उसने हर बार टालमटोल करते हुए समय न होने का बहाना बनाया। मोहल्ले के शैंकी और राशिद ने बताया कि ठेकेदार ने आश्वासन तो दिया, लेकिन अब तक कोई कार्रवाई नहीं की गई। उनका कहना है कि लंबे समय से नगर पंचायत की टंकी का ठेका इसी ठेकेदार के पास है, जिसके चलते वह मनमानी कर रहा है और जिम्मेदारी से बच रहा है। मोहल्लेवासियों ने इस समस्या को लेकर नगर पंचायत के अधिशासी अधिकारी से भी संपर्क करने की कोशिश की, लेकिन उनका फोन रिसीव नहीं हुआ। इससे लोगों में और अधिक नाराजगी देखी जा रही है। उनका कहना है कि यदि समय रहते गड्ढे बंद नहीं किया गया तो कोई बड़ा हादसा हो सकता है। वहीं, नगर पंचायत अध्यक्षा मुशयदा ने मामले को गंभीरता से लेते हुए जल्द ही गड्ढे बंद कराने और समस्या का समाधान करने का आश्वासन दिया है।

उन्होने कि जनता की सुरक्षा सर्वोपरि है और किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। फिलहाल मोहल्ले के लोग डरे और परेशान हैं तथा प्रशासन से जल्द कार्रवाई की मांग कर रहे हैं, ताकि भविष्य में इस तरह की घटनाओं से बचा जा सके।

# पेंशनरों का समस्याओं को लेकर प्रदर्शन

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**शामली।** सेवानिवृत्त कर्मचारी एवं पेंशनर एसोसिएशन के पदाधिकारियों और सदस्यों ने मंगलवार को अपनी विभिन्न मांगों को लेकर कलेक्ट्रेट परिसर में जोरदार प्रदर्शन किया। इसके बाद उन्होंने प्रधानमंत्री के नाम संबो. धित एक ज्ञापन प्रशासनिक अधिकारियों को सौंपते हुए समस्याओं के शीघ्र समाधान की मांग की।



पेंशनरों का कहना है कि लंबे समय से उनकी मांगों की अनदेखी की जा रही है, जिससे उन्हें आर्थिक और सामाजिक कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा है। ज्ञापन में उन्होंने वित्त विधेयक 2025 में पेंशनरों के बीच तिथि के आधार पर किए जा रहे भेदभाव को समाप्त करने की मांग उठाई। साथ ही, उन्हें आठवें वेतन आयोग के दायरे में शामिल करने की भी मांग की गई। उन्होंने पेंशन. रों, कर्मचारियों और शिक्षकों के लिए अलग उपभोक्ता मूल्य सूचकांक द्धसीपीआईऋ बनाए जाने की आवश्यकता पर जोर दिया, जैसा कि भारत सरकार के राजपत्र में 29 अगस्त 2008 को प्रकाशित निर्णयों में उल्लेखित है। इसके अलावा, न्यायालय के निर्णय का हवाला देते हुए पुरानी पेंशन योजना (ओपीएस) को बहाल करने की मांग भी प्रमुखता से रखी गई। ज्ञापन में यह भी कहा गया कि पेंशनरों के राशिकरण (कम्यूटेशन) की कटौती 10 वर्ष बाद बंद कर दी जाए और 65 वर्ष की आयु पूरी करने के बाद हर पांच साल में पेंशन में 5 प्रतिशत की वृद्धि सुनिश्चित की जाए। साथ ही, पेंशन को आयकर से मुक्त करने की मांग भी उठाई गई। पेंशनरों ने कोरोना काल के दौरान रोके गए 18 माह के महंगाई भत्ते (डीए) के एरियर का भुगतान करने की भी मांग की। इसके अलावा, वरिष्ठ नागरिकों को रेलवे किराए में 50 प्रतिशत की छूट देने और आयुष्मान भारत योजना के तहत कैशलेस उपचार की सीमा 10 लाख रुपये तक बढ़ाने की मांग की गई। उन्होंने यह भी कहा कि जब महंगाई भत्ता 50 प्रतिशत से अधिक हो जाए, तो उसे मूल वेतन या पेंशन में मर्ज किया जाना चाहिए। प्रदर्शन के दौरान पेंशनरों ने सरकार से शीघ्र सकारात्मक निर्णय लेने की अपील की, ताकि उन्हें राहत मिल सके। इस मौके पर एसोसिएशन के अध्यक्ष चन्द्रपाल सिंह, बालकिशन आर्य मौजूद रहे।

# डीएम को कलेक्ट्रेट से दी गई विदाई

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**शामली।** जिलाधिकारी अरविन्द कुमार चौहान के स्थानांतरण पर कलेक्ट्रेट सभागार में भावभीना विदाई समारोह आयोजित किया गया। अधिका. रियों ने उनके कार्यकाल की सराहना करते हुए उज्ज्वल भविष्य की कामना की।

जनपद शामली के जिला. धिकारी रहे अरविन्द कुमार चौहान के सहारनपुर में जिला. धिकारी पद पर स्थानांतरण के उपलक्ष्य में मंगलवार को कलेक्ट्रेट सभागार में एक भव्य विदाई समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का माहौल भावुक होने के साथ-साथ सम्मान और सराहना से भरा रहा, जहां जनपद के वरिष्ठ अधिकारियों एवं कर्मचारियों ने उनके कार्यकाल को याद करते हुए अपने अनुभव साझा किए। इस अवसर पर पुलिस अधीक्षक नरेन्द्र प्रताप सिंह, मुख्य विकास अधिकारी विनय कुमार तिवारी, प्रभागीय वनाधिकारी (डीएफओ) जगदेव सिंह, अपर






जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व सत्येन्द्र सिंह, अपर जिलाधिकारी न्यायिक सोहनलाल, परियोजना निदेशक डीआरडीए प्रेम चन्द सहित सभी उप जिलाधिकारी (एसडीएम), क्षेत्राधिकारी और विभिन्न विभागों के जिला स्तरीय अधिकारी उपस्थित रहे। सभी ने जिलाधिकारी के करीब एक वर्ष पांच माह से अधिक के कार्यकाल को सराहनीय बताते हुए उनके नेतृत्व, कार्यशैली और प्रशासनिक दक्षता की प्रशंसा की। अधिका. रियों ने कहा कि उनके नेतृत्व में जनपद में कई महत्वपूर्ण योजनाओं को गति मिली और प्रशासनिक कार्यों में पारदर्शिता व जवाबदेही सुनिश्चित हुई। उन्होंने टीम भावना के साथ कार्य करते हुए जनपद के विकास को नई दिशा दी।

अपने विदाई संबोधन में जिलाधिकारी अरविन्द कुमार चौहान ने सभी अधिकारियों और कर्मचारियों का आभार व्यक्त किया। उन्होंने कहा कि किसी भी अधिकारी की पहचान उसके कार्यों से होती है, इसलिए सभी को अपने दायित्वों का निर्वहन पूरी निष्ठा और ईमानदारी से करना चाहिए। उन्होंने टीमवर्क पर जोर देते हुए कहा कि समन्वय और सहयोग से ही बेहतर परिणाम प्राप्त किए जा सकते हैं। साथ ही उन्होंने अधिकारियों को शासन की मंशानुसार कार्य करते हुए जनता की अपेक्षाओं पर खरा उतरने का संदेश दिया। कार्यक्रम के अंत में सभी अधिकारियों और गणमान्य व्यक्तियों ने जिलाधिक. ारी को स्मृति चिन्ह भेंट कर सम्मानित किया और उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। यह विदाई समारोह जहां एक ओर भावुक क्षणों से भरा रहा, वहीं दूसरी ओर उनके सफल कार्यकाल की यादों को भी संजो गया।

# नशा कारोबार पर पुलिस का शिकंजा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**कांधला।** थाना क्षेत्र में मादक पदार्थों के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान के तहत पुलिस को बड़ी सफलता हाथ लगी है। पुलिस ने कार्रवाई करते हुए दो तस्करों को गिरफ्तार कर उनके कब्जे से 684 ग्राम चरस बरामद की है। आरो. पियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर उन्हें जेल भेज दिया गया है।

जानकारी के अनुसार, थाना क्षेत्र के सलेमपुर मार्ग स्थित जन्नत कॉलोनी में काफी समय से मादक पदार्थों की बिक्री की शिकायतें पुलिस को मिल रही थीं। स्थानीय लोगों द्वारा लगातार की जा रही शिकायतों के बाद थाना प्रभारी निरीक्षक सतीश कुमार ने मामले को गंभीरता से लेते हुए एक टीम गठित की और तस्करों की गिरफ्तारी के निर्देश दिए। मंगलवार को पुलिस टीम को मुखबिर से सटीक सूचना मिली, जिसके आधार पर तत्काल कार्रवाई करते हुए जन्नत कॉलोनी में दबिश दी गई। पुलिस ने मौके पर घेराबंदी कर कलीम पुत्र इस्ताखार को गिरफ्तार कर लिया। तलाशी के दौरान उसके पास से



चरस बरामद हुई। सख्ती से पूछताछ करने पर कलीम ने अपने एक साथी के बारे में जानकारी दी। कलीम की निशानदेही पर पुलिस ने कैराना कोतवाली क्षेत्र के गांव अलीपुर निवासी सादिक पुत्र रुकमदीन को भी गिरफ्तार कर लिया। दोनों आरोपियों के पास से कुल 684 ग्राम चरस बरामद की गई है। पुलिस ने दोनों के खिलाफ संबंधित धाराओं में मुकदमा दर्ज कर उन्हें न्यायालय में पेश किया, जहां से उन्हें न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया गया। थाना प्रभारी निरीक्षक सतीश कुमार ने बताया कि क्षेत्र में मादक पदार्थों की बिक्री किसी भी सूरत में बर्दाश्त नहीं की जाएगी। उन्होंने कहा कि नशा तस्करों के खिलाफ अभियान आगे भी लगातार जारी रहेगा और इस धंधे में लिप्त किसी भी व्यक्ति को बख्शा नहीं जाएगा। गौरतलब है कि नगर एवं आसपास के क्षेत्रों में बड़ी संख्या में युवा नशे की चपेट में आ रहे हैं, जिससे सामा. जिक ताना-बाना प्रभावित हो रहा है। ऐसे में पुलिस की यह कार्रवाई न केवल अपराध पर अंकुश लगाने की दिशा में अहम कदम है, बल्कि युवाओं को नशे के जाल से बचाने के लिए भी जरूरी मानी जा रही है।

## दबंगो ने युवक पर किया जानलेवा हमला

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**शामली।** शहर कोतवाली क्षेत्र के मोहल्ला राजोवाला में देर रात एक युवक पर कुछ लोगों द्वारा जानलेवा हमला किए जाने का मामला सामने आया है। घटना में युवक गंभीर रूप से घायल हो गया, जिसे बाद में उपचार के लिए चिकित्सकीय परीक्षण कराया गया। मोहल्ला राजा. वाला निवासी शाहिद पुत्र मुस्तफा ने पुलिस को दी तहरीर में बताया कि वह रात करीब 9 बजे अपने पिता के मकान पर मौजूद था। इसी दौरान काला उर्फ खुर्शीद, सद्दाम, मुरसल. ीन, पम्मू, मोनिस सहित 4-5 अज्ञात लोग वहां पहुंचे और उसे घेर लिया। आरोप है कि हमलावरों ने पहले गाली-गलौच की और फिर लाठी-डंडों से हमला कर दिया। हमले में शाहिद को गंभीर चोटें आईं और वह मौके पर ही घायल होकर गिर पड़ा। शोर-शराबा सुनकर आसपास के लोग एकत्र हुए, जिसके बाद हमलावर मौके से फरार हो गए। घटना के बाद पीड़ित को स्थानीय लोगों की मदद से अस्पताल ले जाया गया, जहां उसका मेडिकल परीक्षण कराया गया। पीड़ित ने पुलिस से आरोपियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई करने और मामले की निष्पक्ष जांच कर कानूनी कार्रवाई की मांग की है। पुलिस ने तहरीर के आधार पर मामले की जांच शुरू कर दी है और आरो. पियों की तलाश की जा रही है।

## भीषण गर्मी ने बढ़ाई मुश्किलें, 39 डिग्री तक पहुंचा तापमान

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**शामली।** बुधवार को जिले में तेज धूप और भीषण गर्मी ने लोगों का जनजीवन अस्त-व्यस्त कर दिया। सुबह से ही सूर्यदेव की तीखी किरणों ने अपना असर दिखाना शुरू कर दिया था, और जैसे-जैसे दिन चढ़ता गया, गर्मी का प्रकोप भी बढ़ता गया। दोपहर होते-होते हालात ऐसे हो गए कि सड़कों पर आवाजाही बेहद कम हो गई और अधिकांश क्षेत्र वीरान नजर आने लगे।

पिछले दो दिनों से लगातार बढ़ रही गर्मी ने लोगों को पहले ही परेशान कर रखा था, लेकिन सोमवार को धूप की तीव्रता ने सभी पुराने रिकॉर्ड तोड़ दिए। दिन का अधिकतम तापमान 39 डिग्री सेल्सियस और न्यूनतम तापमान 24 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। गर्म हवाओं के थपेड़ों और तेज धूप के कारण आम जनजीवन पूरी तरह प्रभावित रहा। गर्मी के चलते लोग जरूरी काम होने पर ही घरों से बाहर निकलते दिखाई दिए। जो लोग बाहर निकले, वे सिर पर गमछा, टोपी या छाता लेकर ही निकल रहे थे ताकि धूप से कुछ राहत मिल सके। दोपहर के समय हालत और भी खराब हो गए, जब सूरज की तपिश ने सड़क और बाजार दोनों को शांत कर दिया। गर्मी से राहत पाने के लिए लोगों ने ठंडी पेय पदार्थों की ओर रुख किया। शहर में जगह-जगह लगे गन्ने के रस, जलजीरा, नींबू पानी और कोल्ड ड्रिंक की दुकानों पर भारी भीड़ देखी गई। लोग लगातार इन पेय पदार्थों का सेवन कर गर्मी से राहत पाने की कोशिश करते नजर आए। बढ़ती गर्मी को देखते हुए चिकित्सकों ने भी लोगों को सतर्क रहने की सलाह दी है। चिकित्सक डा. दीपक कुमार ने बताया कि इस मौसम में शरीर में पानी की कमी न होने दें और पर्याप्त मात्र में तरल पदार्थों का सेवन करें। उन्होंने सलाह दी कि दोपहर के समय धूप में निकलने से बचें और हल्के एवं सूती कपड़ों का प्रयोग करे। मौसम विशेषज्ञों के अनुसार आने वाले दिनों में गर्मी का प्रकोप और बढ़ सकता है, इसलिए लोगों को विशेष सावधानी बरतने की आवश्यकता है। प्रशासन ने भी लोगों से अपील की है कि अनावश्यक रूप से घरों से बाहर न निकलें और स्वयं को गर्मी से सुरक्षित रखें।

## नो हेलमेट नो फ्यूल को लेकर चलाया अभियान

**शामली।** पुलिस अधीक्षक शामली एनपी सिंह के निर्देशन एवं अपर पुलिस अधीक्षक सुमित शुक्ला जनपद में यातायात पुलिस द्वारा सड़क सुरक्षा को मजबूत करने के उद्देश्य से अभियान चलाया गया। इस अभियान का उद्देश्य सड़क दुर्घटनाओं में कमी लाना, नागरिकों के जीवन की सुरक्षा सुनिश्चित करना तथा यातायात नियमों का कड़ाई से पालन कराना रहा। यातायात निरीक्षक निधि चौधरी के नेतृत्व में टीम ने बलवा चौराहा, टिकैत तिराहा, दिल्ली रोड, झिंझाना रोड पुल, रोडवेज बस अढा, बनत चौराहा, शिव चौक, धीमानपुरा फाटक, अंजता चौक, फव्वारा चौक, विजय चौक सहित कई प्रमुख स्थानों पर सघन चेकिंग अभियान चलाया। अभियान के दौरान दोपहिया वाहन चालकों को हेलमेट पहनने के प्रति जागरूक किया गया और नियमों का पालन करने की अपील की गई। साथ ही पेट्रोल पंपों पर बिना हेलमेट ईंधन न देने की व्यवस्था को सख्ती से लागू कराया गया। अधिकारियों ने स्पष्ट किया कि हेलमेट केवल चालान से बचाव का साधन नहीं, बल्कि जीवन रक्षा का कवच है। इस दौरान यातायात नियमों का उल्लंघन करने पर कुल 295 वाहनों के चालान किए गए, जिनमें 248 बिना हेलमेट के थे। पुलिस ने चेतावनी दी कि आगे भी ऐसी कार्रवाई जारी रहेगी।

# फ्लाईओवर के नीचे खड़े श्रमिकों को कार ने मारी टक्कर, चार घायल





**शाह टाइम्स संवाददाता**

**शामली।** क्षेत्र के गांव भाज्जू के निकट एक दर्दनाक सड़क हादसा सामने आया, जिसमें फ्लाईओवर के नीचे खड़े श्रमिकों को एक अनियंत्रित कार ने टक्कर मार दी। इस हादसे में तीन श्रमिकों सहित कार चालक गंभीर रूप से घायल हो गए। सभी घायलों को डायल 112 पुलिस की मदद से जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया, जहां उनका उपचार चल रहा है।

जानकारी के अनुसार, गांव भाज्जू निवासी करीब आठ श्रमिक हाईवे पर स्थित फ्लाईओवर के नीचे गेहूं निकालने की मशीन के पास खड़े थे और कार्य की तैयारी कर रहे थे। तभी अचानक वहां से गुजर रही एक कार के चालक ने वाहन से नियंत्रण खो दिया और सीधे मशीन में टक्कर मार दी। टक्कर इतनी जोरदार थी कि मशीन के पास खड़े श्रमिक उसकी चपेट में आ गए। हादसे में सन्नी, राहुल और सागर नामक श्रमिक गंभीर रूप से घायल हो गए। वहीं, कार चालक ईनाम निवासी बसी शाहपुर भी इस दुर्घटना में बुरी तरह जख्मी हो गया। घटना के बाद मौके पर अफरा-तफरी मच गई और आसपास के लोग मदद के लिए दौड़ पड़े। सूचना मिलने पर डायल 112 पुलिस तुरंत मौके पर पहुंची और सभी घायलों को एंबुलेंस के जरिए शामली के जिला अस्पताल पहुंचाया। डॉक्टरों ने प्राथमिक उपचार के बाद चालक ईनाम की हालत गंभीर देखते हुए उसे हायर सेंटर के लिए रेफर कर दिया, जबकि अन्य घायलों का उपचार जारी है। इस दुर्घटना में कार और गेहूं निकालने की मशीन दोनों को काफी नुकसान पहुंचा है। हादसे के दौरान पास से गुजर रहे तितावी से शामली की ओर आ रहे बाइक सवार प्रताप का भी संतुलन बिगड़ गया।

जिससे वह गिरकर घायल हो गया। उसे भी उपचार के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया है। घटना के बाद स्थानीय लोगों में आक्रोश देखा गया। उनका कहना है कि हाईवे पर तेज रफ्तार और लापरवाही से वाहन चलाने के कारण इस तरह के हादसे बढ़ते जा रहे हैं। लोगों ने प्रशासन से सड़क सुरक्षा के लिए ठोस कदम उठाने और फ्लाईओवर के आसपास सुरक्षा व्यवस्था मजबूत करने की मांग की है, ताकि भविष्य में इस प्रकार की घटनाओं को रोका जा सके।

